卐 श्री सदगुरू देवाय नमः 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 23 ♦अंक 100 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦रविवार ♦15 जनवरी 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

# नेपाल में विमान हादसा, 40 शव मिले

## पहाड़ी से टकराकर दुर्घटनाग्रस्त हुआ यति एयरलाइंस का विमान, 72 लोग थे सवार

काठमांडू(उद ब्यूरो)।नेपाल में रविवार को पोखरा के समीप यात्री लोग सवार थे। राहत एवं बचाव कार्य में 40 शव बरामद कर लिये गये हैं। जानकारी के मुताबिक यति एयरलाइंस के विमान ने काठमांडू से पोखरा के लिए 72 लोग सवार थे। विमान पोखरा के समीप ही पहुंचा था कि एक पर्वतीय




विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस विमान में 68 यात्री और चार क्रू मैंमर्स समेत 72 दुर्घटनाग्रस्त यात्री विमान राजधानी काठमांडू से पोखरा जा रहा था। उड़ान भरी थी। 72 सीटर इस विमान में 68 यात्री और चार क्रू मेंबर्स, यानी कुल क्षेत्र में हादसे का शिकार हो गया। नेपाल के पोखरा हवाई अड्डे (शेष पृष्ठ 7 पर)

# मास्टर माइंड की डायरी खोलेगी पेपर लीक के राज

## संजय चतुर्वेदी के घर से मिली डायरी

देहरादून(उद संवाददाता)। लेखपाल भर्ती परीक्षा का पेपर लीक करने के आरोपी संजीव चतुर्वेदी के घर से एक डायरी एसटीएफ के हाथ लगी है। डायरी में कुछ अभ्यर्थियों के नाम लिखे हैं, जिनकी एसटीएफ जांच कर रही है। एसटीएफ के अनुसार, यह डायरी काफी राज खोल सकती है। सूत्रों के मुताबिक पेपर लीक प्रकरण में मुख्य आरोपित संजीव चतुर्वेदी व उसकी पत्नी की गिरफ्तारी के बाद एसटीएफ ने उनके घर को




खंगाला तो कुछ नकदी और एक डायरी बरामद हुई। डायरी में संजीव चतुर्वेदी व उनकी पत्नी रितु ने लेनदेन का हिसाब लिखा हुआ है। इसके अलावा डायरी में कुछ नाम भी लिखे हैं। संभावना जताई जा रही है कि ये वही अभ्यर्थी (शेष पृष्ठ 7 पर)

# सेना के ऑफिसर्स आवासीय परिसर में लगी भीषण आग, लाखों की क्षति

अल्मोड़ा (उद संवाददाता)। चौबटिया स्थित सेना के ऑफिसर्स आवासीय परिसर में शनिवार देर रात भीषण आग लग गई। सूचना के बाद अल्मोड़ा व रानीखेत से फायर कर्मी व पुलिस जवान मौके पर पहुंचे और आग बुझाने में जुटे। सेना के जवानों की मदद से फायर कर्मी व पुलिस जवानों ने 10 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद किसी तरह आग पर काबू पाया। शनिवार की देर रात चौबटिया आर्मी कैंपस कालोनी में अचानक आग लग गई। कुछ ही देर में आग तेजी से फैलने लगी। आग के विराल रूप लेते ही हड़कंप मच गया। इस दौरान लोगों ने आग लगने की सूचना



पुलिस को दी। रानीखेत कोतवाली पुलिस और अग्निशमन केंद्र रानीखेत की टीम मौके पर पहुंच गई। टीम ने आग बुझाना शुरू किया। भीषण आग के बीच अल्मोड़ा से भी फायर ब्रिगेड को बुलवाना पड़ा। दो केद्रों की फायर टीम, पुलिस और आर्मी के जवान आग बुझाने में जुटे रहे। 10 घंटों की मेहनत के बाद तड़के आग पर काबू पाया गया। भीषण आग से भारी नुकसान की आशंका थी। आग बुझाकर जनहानि टल गई। लेकिन अब भी सुरक्षा की दृष्टि से एक फायर टेंडर को मौके पर ही तैनात किया गया है। आग बुझाने वाली टीम में एसआइ मोहन सिंह (शेष पृष्ठ 7 पर)

# महिला चिकित्सक के खिलाफ फूटा गुस्सा

## व्यापारियों ने मुख्य चौराहे पर किया धरना प्रदर्शन

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। नगर के व्यापारियों ने व्यापार मंडल अध्यक्ष के नेतृत्व में धरना प्रदर्शन कर गोयल पप्पू के नेतृत्व में व्यापारियों ने धरना प्रदर्शन कर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में तैनात महिला चिकित्सक को तत्काल अध्यक्ष दिनेश गोयल ने कहा है कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में तैनात महिला चिकित्सक आए दिन मरीजों के साथ



अस्पताल में तैनात महिला चिकित्सक को हटाने की मांग की। नगर के मुख्य चौराहे पर व्यापार मंडल अध्यक्ष दिनेश प्रभाव से हटाए जाने की मांग की। साथ ही महिला चिकित्सक को अन्य तैनाती करने की मांग की। व्यापार मंडल गलत व्यवहार किया जा रहा है। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में तैनात महिला चिकित्सक को (शेष पृष्ठ सात पर)

# तमंचा कारतूस और चाकू के साथ तीन शातिर गिरफ्तार

गदरपुर (उद संवाददाता)। थाना पुलिस ने तमंचा कारतूस और दो चाकू के साथ तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। एसएसपी मंजूनाथ टिसी के निर्देश पर अवैध असलाह के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत थानाध्यक्ष गदरपुर के नेतृत्व में पुलिस टीम ने निजाम पुत्र मोहम्मद इस्लाम निवासी झगडपुरी,निशान पुत्र इलियास निवासी झगड पुरी को एक तमंचा 315 बोर और एक कारतूस, एक चाकू और मोटर



साईकिल संख्या यूके 06बीए-9522 के साथ भैंसिया तिराहे के पास से गिरफ्तार कर लिया। तीनों के खिलाफ थाना गदरपुर में 3/25 4/25 आर्म्स एक्ट बनाम के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया है। वहीं सन्नू पुत्र मौ0 हुसैन नि0 (शेष पृष्ठ सात पर)

# पहाड़ा को ठंडो पाणी सुणी कसी मिठी वाणी...

## उत्तरायणी महोत्सव में दूसरे दिन भी लोक कलाकारों ने मचाई धूम

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। शैल सांस्कृतिक समिति की ओर से गंगापुर रोड स्थित शैल भवन में आयोजित उत्तरायणी महोत्सव में दूसरे दिन भी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रही। महोत्सव का शुभारम्भ शनिवार को जिला जज प्रेम सिंह खिमाल, जिलाधिकारी युगल किशोर पंत, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मंजूनाथ टीसी, विधायक शिव अरोरा, मेयर रामपाल सिंह ने दीप प्रज्वलित कर किया था। महोत्सव में दूसरे दिन रविवार को रूद्रवीणा ग्रुप दिल्ली के कलाकारों ने सुंदर प्रस्तुति देकर दर्शकों का मन मोह लिया। लोक कलाकारों की शानदार प्रस्तुति ने दर्शकों को थिरकने पर मजबूर कर दिया। रूद्रवीणा ग्रुप के लोकप्रिय गायक शिवदत्त पंत ने देवी देणी है जाये, मेरी नंदा भगवती तिल जाणो छू मां उंचा हिमालय,ओ मेरी (शेष पृष्ठ सात पर)




## ब्यूटी पार्लर ठेके पर उपलब्ध

रुद्रपुर में गुलाब रेस्टोरेंट के सामने हरिमंदिर गली में स्थित 30x30 फुट की किराये की दुकान में चल रहा बहुत आधुनिक ढंग से बना हुआ ब्यूटी पार्लर पूरे साजो-सामान सहित ठेके पर लें ।
(पूर्व में Lakme की फ्रेंचाइजी रही है)

ikyj pyku dk bPNd 0;fDr lEidZ djsa
ekckby lEidZ&8077683095

# पुलिस ने पकड़ी अवैध शराब भट्टी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गत दिवस पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम रायपुर में औचक दबिश देकर एक शराब भट्टी व लाहन नष्ट कर शराब बनाने के उपकरण कब्जे में ले लिए। शराब बना रहा व्यक्ति पुलिस टीम को देखकर फरार हो गया। जानकारी के अनुसार उप निरीक्षक विकास कुमार, कांस्टेबल हेम फुलारा, राजीव शाही व किशन सिंह गश्त करते तेल मिल से भूरारानी रोड जाने वाले रास्ते पर पहुंचे तो मुखबिर से सूचना मिलने पर वह ग्राम रायपुर गये जहां नाले के किनारे एक व्यक्ति भट्टी में अवैध शराब बनाते दिखाई दिया । पुलिस टीम के देखते ही वह भाग गया। जिसकी पहचान ग्राम रायपुर निवासी हरजिन्दर सिंह पुत्र सुरजीत सिह के रूप में की। पुलिस ने शराब भट्टी व लाहन नष्ट कर मौके से शराब बनाने के उपकरण तथा ट्यूब मे भरी लगभग 50 लीटर कच्ची शराब कब्जे में ले ली। पुलिस (शेष पृष्ठ सात पर)

# माया उपाध्याय के गीतों पर झूमे लोग

सितारगंज। उत्तरायणी मेले में दूसरा दिन लोक गायिका माया उपाध्याय के नाम रहा। पहाड़ के जनजवीन पर आधारित गीतों की प्रस्तुति से लोक गायकों ने झूमने को विवश कर दिया। लोक गायिका माया उपाध्याय, महिपाल मेहता की प्रस्तुतियों से दर्शक मंत्र(शेष पृष्ठ सात पर)



# राज्यपाल ने अधिकारियों से ली जोशीमठ में भू-धंसाव की जानकारी

देहरादून (उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने शनिवार को चमोली जनपद के जोशीमठ में भू-धंसाव की स्थिति के संबंध में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से अधिकारियों से जानकारी प्राप्त की। इस वीडियो कांफ्रेंसिंग में आयुक्त गढ़वाल मण्डल सुशील कुमार, जिलाधिकारी चमोली श्री हिमांशु खुराना और एसपी चमोली प्रमेन्द्र डोभाल मौजूद रहे। राज्यपाल ने कहा कि विपदा की इस घड़ी में पूरा देश व प्रदेश प्रभावित लोगों के साथ है। उन्होंने कहा कि इस चुनौती के समय हमें प्रत्येक प्रभावित की समस्या को सुनना है, और उसे हरसंभव मदद करनी है। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि प्रभावितों की मूलभूत जरूरतों पर विशेष ध्यान दिया जाय। राज्यपाल ने कहा कि नागरिकों की सुरक्षा हमारी सबसे बड़ी जिम्मेदारी है, उनकी सुरक्षा के दृष्टिगत सभी इंतजाम किये जाने चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रभावितों का हौसला बढ़ाने के साथ-साथ भावनात्मक रूप से भी उनके साथ खड़ा रहना बेहद जरूरी है। राज्यपाल ने कहा कि हिमालयी क्षेत्र के दृष्टिगत यह आपदा एक चुनौती है और इसका समाधान सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस दौरान राज्यपाल ने भू-धंसाव की समस्या के समाधान हेतु उठाए गए तात्कालिक एवं दीर्घकालिक कदमों की जानकारी भी ली। इस अवसर पर सचिव श्री राज्यपाल डॉ. रंजीत कुमार सिन्हा जो सचिव आपदा प्रबंधन भी हैं, ने शासन स्तर से किये जा रहे प्रयासों की विस्तृत जानकारी राज्यपाल को उपलब्ध करायी। वीडियो कांफ्रेंसिंग में अधिकारियों ने जोशीमठ में भू-धंसाव के कारण उत्पन्न हुई स्थिति के संबंध में राज्यपाल को विस्तार से जानकारी उपलब्ध कराई। उन्होंने प्रभावित क्षेत्र के लोगों के रहने, खाने और उनके अस्थायी विस्थापन के संबंध में जानकारी दी। इसके अलावा प्रभावित परिवारों को शासन एवं प्रशासन द्वारा दी जा रही सहायता और अन्य जानकारियां भी दीं। इस दौरान अधिकारियों ने भू-धंसाव क्षेत्र में संचालित राहत एवं बचाव कार्यों, प्रभावितों की सुरक्षा व पुनर्वास हेतु उठाए गए कदमों की विस्तृत जानकारी राज्यपाल को उपलब्ध करायी।



# लोगों की जागरूकता से ही रोकी जा सकती हैं सड़क दुर्घटनाएं: डीएम

सितारगंज (उद संवाददाता)। जिलाधिकारी युगल किशोर पंत ने 33वे सड़क सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत अमरिया चौक सितारगंज में पुलिस, राजस्व, स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित सड़क सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। जिलाधिकारी ने कहा कि मानवीय लापरवाही के कारण सड़क दुर्घटनाएं एक अभिशाप के रूप में सामने आ रही है उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं को पूर्ण तरह से जागरूक एवं सचेत रहकर तथा सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करते हुए अंकुश लगाया जा सकता है। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी व्यक्तियों को यातायात नियमों का शत-प्रतिशत पालन करना चाहिए ताकि सड़क दुर्घटनाओं से बचा जा सके। उन्होंने सभी वाहन चालकों से अपील करते हुए कहा कि अपनी आंखों की जांच अवश्य कराएं और अपनी फिटनेस पर विशेष ध्यान दें। जिलाधिकारी ने कहा कि सुरक्षित परिवहन राष्ट्र एवम नागरिकों की प्रगति के लिये जरूरी है, यातायात को सुरक्षित एवं सुगम बनाना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि तेज गति, अधिक भार, नशे में वाहन चलाना, माल वाहकों में सवारी ढोना, वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग व यातायात संकेतों का उल्लंघन वाहन दुर्घटनाओं का मूल कारण हैं, इन सभी कारणों को ध्यान में रखकर ड्राइविंग करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि चौपहिया वाहन चलाते सीट बैल्ट का प्रयोग अवश्य करें। उन्होंने कहा कि दो पहिया वाहन में सवार व्यक्तियों को उच्च गुणवत्ता के हैलमेट पहनें और तीन सवारी कतई न बैठायें। उन्होंने कहा कि यातायात ड्यिूटी में नियुक्त पुलिस कर्मियों को यातायात नियन्त्रण में सहयोग करें और मोड़ों पर वाहन चलाते समय हार्न का प्रयोग करें एवं वाहन को निर्धारित गति सीमा में रखें। जिलाधिकारी ने अभिभावकों से अपील करते हुए कहा कि अपने नाबालिग बच्चों को वाहन न चलाने दें, अपने लाडले को प्यार दो, बाईक नहीं। जिलाधिकारी ने कहा कि दुर्घटना होने की स्थिति में घायल व्यक्ति की हर संभव मदद करें एवं आपातकालीन नम्बरों पर सूचना दें। माननीय उच्चतम न्यायालय के निर्देश के अनुसार पुलिस द्वारा इन व्यक्तियों से अनावश्यक पूछताछ नहीं की जायेगी।इस दौरान उप जिलाधिकारी तुषार सैनी, डॉ.सुदीप सक्सेना, उप निरीक्षक विनोद फर्त्याल, महेश चंद्र, के. शर्मा सहित क्षेत्रीय जनता उपस्थित थी।



# कुश्ती दंगल में पटियाला के नवाज अली बने चैंपियन

रुद्रपुर। ग्राम बिंदुखेड़ा में 71 वें कुश्ती दंगल मेले का शुभारंभ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक शिव अरोरा ने किया। कुश्ती दंगल में यूपी हरियाणा कर्नाटक जम्मू कश्मीर , पंजाब ,दिल्ली झारखंड बिहार हिमाचल उत्तराखंड के 160 पहलवानों ने शिरकत की। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधान कावल सिंह विशिष्ट अतिथि बीडीसी गुरबाज सिंह मौजूद रहे। कार्यक्रम में पहुँचे क्षेत्रीय विधायक शिव अरोरा ने कुश्ती प्रतियोगिता का पूरा आनंद लिया और पहले नम्बर पर रहे पटियाला के नवाज अली और दूसरे पर बाबा रवि अयोध्या को जीत हासिल करने पर पुरस्कार देकर समानित किया गया। विधायक शिव अरोरा ने कहा कुश्ती को लेकर ग्राम बिंदुखेड़ा में बहुत उत्साह देखने को मिलता है यह कुश्ती देखने दूर दूर से लोग आते हैं निश्चित रूप से ऐसे आयोजन खेल जगत के लिये अच्छे खिलाड़ियों को उभारने का कार्य करते हैं विधायक ने पूरी आयोजन कमेटी को बधाई दी ओर अनेको राज्यो से आये पहलवानों का रुद्रपुर विधानसभा में पहुचने पर स्वागत किया। इस दौरान बाबा प्रताप सिंह, सुरेश परिहार, हरभजन सिंह, सुखविंदर सिंह, कुलवंत सिंह, इंद्रजीत सिंह, बिट्टा, प्रीत ग्रोवर, जोगेंद्र सिंह, सुरजीत सिंह, राजिंदर सिंह विर्क, प्रीतम सिंह, प्यारा सिंह, हरप्रीत सिंह, मलकीत सिंह व अन्य लोग मौजूद रहे।



# सखी सहेली ग्रुप ने शोभा यात्रा में बांटे फल

हल्द्वानी (उद संवाददाता)।लोक पर्व उत्तरायणी (घुघुती त्यार) मकरैणी, मकर संक्रांति के अवसर पर सखी सहेली ग्रुप की महिलाओं द्वारा रात दिवस मीरा मार्ग में स्टाल लगाकर उत्तरायणी शोभायात्रा का पुष्प वर्षा के साथ स्वागत किया गया। ग्रुप ने शोभा यात्रा में शामिल लोगों को फल वितरित किए। इस अवसर पर मंजू वार्ष्णेय, सुमन वार्ष्णेय, खुशबू जयसवाल, मन्ना परगाई, ममता परगाई, सुचित्रा जैस्वाल, शकुंतला वार्ष्णेय, ज्योति, छवि जैसवाल, अंशु मिश्रा, रश्मि शर्मा, सुशीला बगड़वाल, कंचन राजपूत, नीरू कश्यप, सीमा बत्रा, स्वाति गुप्ता, सोनी जैस्वाल, प्रीति टंडन, रश्मि टंडन, आशा भट्ट, ममता भट्ट, ज्योति पांडे, पायल गुप्ता, रितु गुप्ता, चेतना, चंपा त्रिपाठी, मंजू साह, नंदिनी देवल, पम्मी वार्ष्णेय सहित सभी सखियों ने मिलकर सेवा दी।



# ब्रिटानिया में वाहन चालकों का किया नेत्र व स्वास्थ्य परीक्षण

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सिडकुल पंतनगर स्थित ब्रिटानिया इंडस्ट्रीज में आयोजित सड़क सुरक्षा सप्ताह कार्यक्रम के अंतर्गत फैक्ट्री प्रबंधन द्वारा परिसर में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जिसमे वरिष्ठ चिकित्सक द्वारा वाहन चालकों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। वहीं सिविल लाइन से आई सिंह आप्टीकल की टीम ने फैक्ट्री के सभी वाहन चालकों के नेत्रों की आधुनिक चिकित्सा उपकरणों से जांच की। चिकित्सक द्वारा चालकों को बेहतर स्वास्थ्य के लिए कई आवश्यक सलाह दी गई। फैक्ट्री के वरिष्ठ सुरक्षा अधिकारी अरविंद दिवाकर ने बताया कि वाहन चलाने वाले सभी चालकों का स्वास्थ्य व नेत्रों की दृष्टि पूरी तरह से सही होना आवश्यक है। ताकि वाहन चलाने के दौरान उन्हें किसी भी तरह की कोई परेशानी न हो। आयोजित शिविर में चालकों को वाहन के बेहतर रख रखाव तथा इंजन व अन्य कलपुर्जो की जानकारी भी दी गई। इसके साथ साथ सभी चालकों को यातायात नियमों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए गए तथा कहा गया कि इसमें किसी भी तरह की लापरवाही जान माल दोनों को नुकसान पहुंचा सकती है। चालकों को हर तरह के नशे से दूर रहने के प्रति जागरूक भी किया गया। इस दौरान फैक्ट्री के प्रबंधक प्रबोध खेर, क्वालिटी मैनेजर नितिन, प्रोडक्शन मैनेजर संदीप सिंह, गौरव सिंह, बृजेश, गजेंद्र, रोबिन, रीमा आदि मौजूद थे।



# रंगारंग कार्यक्रमों के साथ मना उत्तरायणी महोत्सव

किच्छा(उद संवाददाता)। राजकीय प्राथमिक विद्यालय प्रथम में उत्तरायणी पर्व के अवसर में उत्तरांचल संस्कृति समिति किच्छा द्वारा एक कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर नगर पालिका अध्यक्ष दर्शन कोली तथा विशिष्ट अतिथि के रुप में गौरव बेहड ने प्रतिभाग किया। इस अवसर पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए तथा कार्यक्रमों के माध्यम से उत्तरायणी पर्व की महत्व को दर्शाया गया। इस मौके पर विधायक प्रतिनिधि गौरव बेहड ने सभी आयोजकों को सफल व सांस्कृतिक सभ्यता से जुड़े कार्यक्रम के आयोजन के लिए बधाई दी बस अभी आए सम्मानित क्षेत्रवासियों का स्वागत किया तथा विधायक तिलकराज बेहड के आदेशानुसार वार्ड नंबर 8 में जन मिलन केंद्र निर्माण हेतु 5 लाख रूपये देने की घोषणा की।नगर पालिका अध्यक्ष दर्शन कोली ने निर्माणधीन जन मिलन केंद्र मे सौंदर्य करण हेतु 11 लाख 59 हजार देने की घोषणा की। आयोजक प्रबंधकों द्वारा विशेष अतिथियों का शाल पहनाकर स्वागत किया व स्मृति चिन्ह भेट के रूप में दिए गए। इस मौके पर हरीश चंद पंत, कैलाश चंद्र कांडपाल, पुष्कर रौतेला, विनोद पंत, जीवन जोशी, गणेश उपाध्याय, गुलशन सिंधी, दानिश मलिक, आरिफ कुरैशी,आदि लोग उपस्थित रहे।




# विधायक ने किया सौन्दर्यीकरण कार्य का शिलान्यास

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। विधायक निधि से स्वीकृत वार्ड नं.36 आदर्श कालोनी स्थित शिव मंदिर के पास सौन्दर्यीकरण के कार्य का क्षेत्रीय विधायक शिव अरोरा ने शिलान्यास किया। बता दें श्री शिव सेवा दल जो काफी वर्षो से शिव जागरण का आयोजन करवाता आ रहा है और पिछले वर्ष जागरण में पहुँचे विधायक शिव अरोरा के समक्ष मन्दिर के पास सौन्दर्यीकरण के कार्य का विषय कमेटी के सदस्यों द्वारा रखा गया था जिसके चलते क्षेत्रवासियों की मांग को ध्यान रखते हुए उसका विधिवत शिलान्यास विधायक द्वारा किया गया। इससे पूर्व शिव मंदिर में चल रहे कथा में पहुँचकर विधायक ने आरती की। विधायक ने कहा उनका सौभाग्य है कि ऐसे कार्यो को करने का अवसर उनको मिल रहा है । विधायक ने बताया रुद्रपुर विधानसभा में लगातार विकास कार्य तेज गति से चल रहे हैं उनका प्रयास है कि विधायक निधि के माध्यम से हर क्षेत्र में उस क्षेत्र की जरूरत अनुसार कार्य का शुभारंभ हो जाये और विधायक ने कहा जनता ने उन्हें सेवा के लिये चुना है और वह उसके क्रम में वह बोलने में कम ओर कार्य को धरातल पर करने में ज्यादा विश्वास कर रहे हैं। शिलान्यास के दौरान पार्षद रंजीत सागर, पूर्व पार्षद महेंद्र आर्य,धर्मवीर सिंह, युगराज रघुवंशी, विकास कुकरेजा,ललित बिष्ट, किरण पाल, अशोक सागर, विकास सागर, सुनील सागर,सुनील यादव,मयंक कक्कड़ ,अमित कक्कड़, मनीष कनोजिया, वासु गुम्बर व अन्य लोग मौजूद रहे।



# दिवंगत डॉ. शमी उन्नीसा के परिवार को सौंपी सात लाख की सहयोग राशि

गदरपुर(उद संवाददाता)। प्रांतीय चिकित्सा सेवा संघ केंद्र कार्यकारिणी ने स्वर्गीय महिला चिकित्साधिकारी डॉ शमी उन्नीसा के परिजनों को सहायता राशि का चेक सौंपा। डॉ शमी उन्नीसा का कुछ दिनों पूर्व लंबी बीमारी के चलते निधन हो गया था। उस दौरान डॉ शमी उन्नीसा गदरपुर सीएचसी में बतौर महिला चिकित्साधिकारी के पद पर तैनात थी। शनिवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गदरपुर में महिला चिकित्साधिकारी डॉ शमी उन्नीसा के निधन को लेकर एक शोक सभा का आयोजन किया गया। प्रांतीय चिकित्सा सेवा संघ केंद्र कार्यकारिणी द्वारा 2 मिनट का मौन धारण कर महिला चिकित्सा अधिकारी स्वर्गीय डॉक्टर समीउन्नीसा को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। श्रद्धांजलि कार्यक्रम के उपरांत प्रांतीय चिकित्सा सेवा संघ के पदाधिकारियों द्वारा डॉ शमी उन्नीसा के निधन पर शोक जताते हुए परिजनों को संघ द्वारा एकत्रित की गई सहयोग धनराशि 5 लाख का चैक व 2 लाख की धनराशि परिजनों के खाते में प्रदान की। इस मौके पर प्रांतीय अध्यक्ष डॉ मनोज वर्मा, जिलाध्यक्ष डॉ प्रवीण कुमार श्रीवास्तव, मुख्य चिकित्सा अधिकारी सुनीता रतूड़ी चूफाल,अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ हरेंद्र मलिक, जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ तपन शर्मा, डॉ एस के गोस्वामी, डॉ उदय राज भट्ट,डॉ राजेश आर्य, डॉ संजीव सरना, डॉ राजीव चौहान , मोहम्मद रिजवान, डॉ उपेंद्र रावत, रफी अहमद, आयशा,धर्मेंद्र मल्ल, सीमा रानी, हीरा राठौर,राजू आदि सहित अस्पताल का अन्य स्टाफ मौजूद रहा।



# परमात्मा के प्रति दृढ़ विश्वास से ही मिलेगी भय व चिंताओं से मुक्ति :हरि चैतन्यपुरी

किच्छा (उद संवाददाता)। श्री हरि कृपा पीठाधीश्वर श्री श्री 1008 स्वामी श्री हरि चैतन्य पुरी जी महाराज ने यहाँ श्री कृष्ण बल्देव मंदिर में आयोजित धार्मिक सम्मेलन में उपस्थित विशाल भक्त समुदाय को संबोधित करते हुए कहा कि हमें परमात्मा के प्रति विश्वास ही नहीं बल्कि दृढ़ विश्वास होना चाहिए ।ईश्वर के प्रति मन में यदि संशय आ जाता है,तो उसके प्रति होने वाली भक्ति स्वत: ही नष्ट हो जाती है तथा ईश्वर के प्रति प्रेम भी नष्ट हो जाता है। उन्होंने कहा ऐसा तब होता है जब निज हित में चिंतन किया जाता है। अपने दिव्य व ओजस्वी प्रवचनों में उन्होंने कहा कि हम स्वंय इतनी चिंता नहीं कर सकते जितना प्रभु का चिंतन दृढ़ विश्वास पूर्वक करने पर स्वयं परमात्मा हमारी चिंता करेंगे। संसार में सभी लोग अधिकांशत: किसी न किसी स्वार्थवश ही संबंध रखते हैं यदि उनके हित में बाधा पहुँचेगी व हमारे अंदर उन्हें देने के लिए कुछ भी शेष ना रहेगा (रूप, बल, वाणी, प्रतिष्ठा, धन इत्यादी के माध्यम से) तो प्यार समाप्त हो जाएगा। बिना किसी स्वार्थ के संबंध बनाए रखने वाले अपवाद स्वरूप कुछ ही लोग मिलेंगे।जीव मात्र से बिना किसी स्वार्थ के हित चाहने व प्रेम करने वाले तो एक मात्र संत,गुरु व परमात्मा ही हैं। उन्होंने कहा कि बिना विचारे कोई कर्ध्म न करें , न ही कुछ बोलें, ना किसी से संबंध बनाए व न ही किसी से कोई व्यवहार करें।विचारशील प्राणी कुछ भी बोलने से, व्यवहार करने, संबंध बनाने या कर्म करने से पहले विचार करता है। जिससे उसे गिलानी पश्चाताप व उपहास का सामना नहीं करना पड़ता। उन्होंने कहा कि मात्र मानव शरीर पाकर ही हम सच्चे अर्थों में मानव या इंसान कहलाने का अधिकारी नहीं बन जाते हैं। स्वयं को सुसंस्कारित करके समाज के लिए उपयोगी बनाएँ। सदाचार पूर्ण जीवन बिताएँ राष्ट्रीयता, नैतिकता व चरित्र को भी जीवन में महत्व दें । महाराज श्री के प्रवचनों को सुनने के लिए स्थानीय क्षेत्रीय दूर दराज से हजारों की संख्या में भक्तजन पहुँचे। महाराज श्री के दिव्य प्रवचनों से सारा वातावरण भक्तिमय हो उठा। मंदिर में अखण्ड राम चरित मानस पाठ वा भण्डारे का भी आयोजन किया गया। जिसमें हजारों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। अंत में हरि भक्तों ने महाराज श्री की आरती उतारी।





# पेपर लीक होने पर काँग्रेसियों ने फूंका सीएम का पुतला

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। पटवारी प्रवेश परीक्षा में फिर से पेपर लीक होने पर काँग्रेसियों ने चघानपाटा में एकत्रित होकर धामी सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी के साथ मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का पुतला आग के हवाला करके विरोध प्रदर्शन किया, काँग्रेस जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह भोज गुडडू ने कहा कि प्रदेश की धामी सरकार सुनियोजित षडयंत्र रचकर प्रदेश के युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश की सरकार ने पहले अधीनस्थ चयन आयोग के माध्यम से युवाओं को छलकर हाकम सिंह जघ्से अपने बीजेपी के कार्यकर्ताओं को मजबूत किया, वहीं अब प्रदेश के लोक सेवा आयोग संस्था के माध्यम से पटवारी परीक्षा कराकर उसे भी लीक करा दिया। उन्होंने कहा कि अगर प्रदेश धामी सरकार में नघ्तिकता बची है। तो सम्पूर्ण पेपर लीक घटनाओं की सी बी आई जाँच कराकर जनता के समक्ष सच को आगे लाये। वरिष्ठ काँग्रेस नेता एंव पूर्व सांसद प्रदीप टम्टा ने कहा कि प्रदेश की धामी सरकार उत्तराखण्ड की जनता के समक्ष अपना जनविश्वास खो चुकी हैं। सरकार की निर्णयशक्ति शून्य हो चुकी हैं। बेरोजगार युवाओं के विश्वास के साथ लगातार छल करके धामी सरकार युवाओं को रोजगार दिलाने में असफल हो गयी हैं। धामी सरकार के कारनामों के बाद बीजेपी का राष्ट्रीय संगठन मुख्यमंत्री बदलकर जनता के बीच पुराने कारनामों पर अब पर्दा डालने की कोशिश में हैं।महिला जिलाध्यक्ष लता तिवारी ने कहा कि आज युवा प्रतियोगी युवक युवतियां पेपर लीक के बाद बड़े तनाव में हैं। धामी सरकार ने युवाओं के भविष्य के साथ भद्दा मजाक किया हैं। जिसका जवाब आने वाले समय में युवावर्ग अवश्य देगा। नगर अध्यक्ष पूरन सिंह रैतेला ने कहा कि धामी सरकार ने युवाओं के साथ बड़ा छल करके उन्हें रोजगार नहीं देने का षड्यंत्र रच रही हैं। जिसका काँग्रेस पार्टी विरोध करती हैं। पूर्व प्रांतीय सचिव त्रिलोचन जोशी ने कहा कि धामी सरकार पेपर लीक जघ्सी घटनाओं की पुनरावृत्ति करके युवाओं के भविष्य के साथ बड़ा षड्यंत्र रच रही हैं। प्रदेश में नकल माफियाओं का खैफ बढ़ना धामी सरकार की कानून व्यवस्था और उदासीन प्रशासनिक क्षमता का परिचय आम जनता के बीच बन चुका हैं। धामी सरकार के पेपर लीक घटनाओं को कांग्रेस पार्टी आम जनता के बीच में ले जाकर धामी सरकार की पोल खोलेगी। प्रदर्शन में जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह भोज गुड्डू नगर अध्यक्ष पूरन रौतेला, पूर्व सांसद प्रदीप टम्टा,महिला जिलाध्यक्ष लता तिवारी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष तारा चंद्र जोशी,प्रदेश सचिव परितोष जोशी,सभासद सचिन आर्या, त्रिलोचन जोशी,मनोज सनवाल,आशा जोशी, जया जोशी ,राधा बिष्ट,जिला महामंत्री मनोज कुमार जोशी,विपुल कार्की,पंकज वर्मा,अक्तर हुसैन, वैभव पांडे,सरस्वती रेडिया,जिला पंचायत सदस्य संजय वाणी, महेंद्र बिष्ट, सहाबुद्दीन भारत पांडे, शरद शाह,भीमा पवार,रमेश नेगी, प्रदेश सचिव रोबिन भंडारी, सुनील सिंह, मोहन देवली, ललित सतवाल,प्रदीप बिष्ट, व्यापार मंडल महामंत्री मयंक बिष्ट महेश चंद्र आर्या,नारायण सिंह रौतेला,अली अख्तर खान , ऋतिक नयाल गौरव वर्मा, बी डी सी परितोष जोशी,प्रकाश जोशी,विक्रम बिष्ट,दीपक नगरकोटी आदि मैजूद थे।



# जिला स्तरीय जु-जित्सू प्रतियोगिता 23 को

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। राष्ट्रीय बालिका दिवस के उपलक्ष्य पर जिला जु-जित्सू एसोसिएशन ऑफ उधम सिंह नगर (रजि.) के तत्वावधान में नि:शुल्क द्वितीय जिला स्तरीय जु-जित्सू बालिका वर्ग प्रतियोगिता 2023 का आयोजन 23 जनवरी 2023 को जीआरडी इंटरनेशनल स्कूल रूद्रपुर के ऑडिटोरियम में किया जाएगा।जिला स्तरीय जु-जित्सू बालिका प्रतियोगिता की तैयारियों को लेकर शनिवार को जिला जु-जित्सू कार्यालय में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। भारत भूषण चुघ की अध्यक्षता में आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान प्रतियोगिता के सफल संचालन के लिए चर्चा की गई। बैठक के दौरान जिला जु-जित्सू संघ के अध्यक्ष भारत भूषण, महासचिव ऋषि पाल भारती, कोषाध्यक्ष सेंसई किशोर सिंह, अमित ने प्रतियोगिता के उद्घाटन, प्रतियोगिता में खिलाड़ियों को सहभागिता दिलाने, विधि व्यवस्था, चिकित्सा से संबंधित तथा अन्य विषयों पर विचार-विमर्श किया गया। अध्यक्ष भारत भूषण ने बताया कि इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य समाज मे दिन प्रतिदिन बढ़ रही आपराधिक घटनाओ के प्रति सभी महिलाओं व बालिकाओ को सशक्त व जागरूक करना है, जिससे कि सभी बालिकाएं व महिलाएं आत्मरक्षा को सीखते हुए अपने जीवन में आत्मरक्षा को प्रथम स्थान देकर अपनी रक्षा कर सकें। प्रतियोगिता में संपूर्ण जनपद से लगभग 150 बालिकाएं विभिन्न आयु वर्गो सब जूनियर, कैडेट, जूनियर एवं एडल्ट्स की विभिन्न स्पर्धाओं में प्रतिभाग कर रही है । जिनमें अधिकांश बालिकाएं वर्तमान समय में र.म.सा. एवं समग्र शिक्षा अभियान के तहत चल रहे रानी लक्ष्मी बाई आत्मरख्र सुरक्षा प्रशिक्षण शिविर में प्रशिक्षण ले रही हैं। महासचिव ऋषि पाल भारती ने बताया कि प्रतियोगिता में निष्पक्ष परिणाम के लिए एक निर्णायक मंडल का गठन किया जाएगा। साथ ही वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से चेयरमैन डॉ नागेंद्र शर्मा, उपाध्यक्ष जॉनी हिराम तिग्गा, एवं अन्य पदाधिकारी जुड़े हुए थे।




## शीघ्र आवश्यकता है

**SAMPURNA JEEVAN DHAN NIDHI LIMITED (BANKING SERVICES) को**

1. **रिसेप्शनिष्ट( महिला )**-(1) ,**योग्यता**-स्नातक एवं कम्प्यूटर में एक वर्ष का डिप्लोमा,अनुभवी को वरीयता (वेतन योग्यतानुसार)
2. **कम्प्यूटर ऑपरेटर कम एकाउन्टेंट**-(1)**योग्यता**-B.C.A. /**बी.कॉम,** अनुभव-दो वर्ष, (वेतन योग्यतानुसार)
3. **सेल्स एक्जीक्यूटिव**- (25), **योग्यता**-हाईस्कूल,अनुभवी को वरीयता स्वयं का दो पहिया वाहन होना अनिवार्य (वेतन-20,000+इन्सेंटिव)
4. **मैनेजर**- (1) योग्यता-स्नातक+एमबीए (अनुभव 2 वर्ष) (वेतन योग्यतानुसार)
5. **सेल्स एक्जीक्यूटिव ( महिला एवं पुरूष ) -पार्ट टाईम**(कमीशन के आधार पर)
6. **ड्राईवर** (1) योग्यता आठवीं पास

**बॉयोडाटा एवं प्रमाण पत्रों सहित 10 से सायं 4 बजे तक सम्पर्क करें।**

पता- 7&8 ,रुद्रा ऑर्केड कॉम्प्लैक्स प्लॉट नं.12,नैनीताल हाईवे,(31,वीं वाहिनी पी.ए.सी. गेट के सामने) आवास विकास, रूद्रपुर जिला-उधम सिंह नगर
Ph.7055903977,7579280778,05944-240875,05944-297127
www.sampurnajeevan.com

## अरोरा डेन्टल केयर

Dental Facilities / सुविधायें

डेंटल इंप्लान्ट की सुविधा आसान किस्तों में उपलब्ध
- दांतों की नसों का इलाज / RCT
- फिक्स दांत लगाना / Crown, Bridge & Dental Implant
- नकली दांतो का जबड़ा लगाना / Complete Denture
- टेढ़े-मेढ़े दांतों को सीधा करना / Ortho Treatment
- दांतों के रंग की फिलिंग / Composite Filling
- सफाई द्वारा पायरिया का इलाज / Ultrasonic Scaling



डा. गगनदीप गुम्बर
B.D.S.,PGDHA (Oral Implantologist)
M.9837081085



डा. अमरप्रीत सिंह अरोरा
B.D.S.,(Dental Surgeon)
M.9997327642

(15 साल का अनुभव)

1. J.K. Tower, Near Navrang Sweets, Janta Inter Collage Road, Rudrapur
2. Doctor Colony Gali No.1 Near Ahan Hospital, Rudrapur

## वाटर प्रूफिंग

हमारे यहां मकान की वाटर प्रूफिंग जैसे- छत का टपकना, सिलन आना, लिकीज होना, बेसमेन्ट, शौचालय, बाथरूम, किचन में सिलन आना व पानी टपकना एवं टिन शैड का कार्य सन्तोषजनक किया जाता है।

प्रो. शादाब खान
9012051994, 6399038125
आर्क होटल के पीछे, बत्रा कालोनी, बिलासपुर रोड, रुद्रपुर


# संतोख सिंह के निधन पर कांग्रेस के शीर्ष नेताओं ने जताया शोक

देहरादून (उद संवाददाता)। उत्तराखंड कांग्रेस के शीर्ष नेताओं पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत, राज्य कांग्रेश अध्यक्ष करण माहरा, प्रतिपक्ष के नेता यशपाल आर्य और प्रदेश कांग्रेश उपाध्यक्ष व प्रवक्ता धीरेंद्र प्रताप ने जालंधर से कांग्रेस के सांसद संतोष सिंह की असामयिक मृत्यु पर गहरा दुख और शोक व्यक्त किया है। कांग्रेस के शीर्ष नेताओं की ओर से जारी एक बयान में पार्टी प्रवक्ता धीरेंद्र प्रताप ने कहा है कि संतोख सिंह पार्टी के बहुत ही निष्ठावान और कर्मशील नेता थे ।उन्होंने पंजाब में भारत जोड़ो यात्रा में श्री राहुल गांधी के नेतृत्व में भाग लिया था ।यह बड़ा दुख का विषय है की विधाता ने असमय ही उन्हें हमारे बीच से उठा लिया ।वे कांग्रेस के विचारों ,नीतियों और कार्यक्रमों के प्रति प्रतिबद्ध थे। चारों कांग्रेस नेताओं ने दिवंगत नेता के परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की है वह इश्वर से प्रार्थना की है कि ईश्वर उनके परिजनों को इस भारी दुख को वहन करने की शक्ति प्रदान करें।

# शिविर में दीं कानूनी जानकारियां

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव सिविल जज डिवीजन सचिन पाठक के आदेशा अनुसार गत दिवस जगतपुरा में विधिक जन जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में पिंकी तिवारी द्वारा नालसा से संबंधित कई कानूनों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने नशा से पीड़ित, नशा उन्मूलन, विधिक सेवाएं पर प्रकाश डाला। सुभाषिनी द्विवेदी ने स्थाई लोक अदालत और विधिक जानकारी देने के साथ काफी योजनाओं के बारे में भी जानकारी दी। आयोजित शिविर में भारी संख्या में लोग मौजूद थे।




## ANANT GRAPHICS

All Kinds of Printing Solution...
Price | Time | Quality

We Deals In
Pamphlets | Business Cards | Posters Stickers | Letterheads | ID Cards | Perfect Binding | Catalogues
Cold Lomination | Brochures | Die-Cutting | Thermal Lamination | Labels | Eco Vinyl Printing

More information call us 98377 77818
E-mail : anantgraphics.rdr@gmail.com

Add:- Uttaranchal Darpan Campus, Shyam Talkies Road, 26 Kalyani View, Rudrapur

# हरिधाम मंदिर में सजा बालाजी महाराज का भव्य दरबार





रूद्रपुर (उद संवाददाता)।श्री हरिधाम मन्दिर श्री मेहन्दीपुर बाला जी महाराज के महंत मनीष सलूजा जी के सानिध्य में श्री हरिधाम मन्दिर के बारहवें वार्षिकोत्सव के उपलक्ष्य में शनिवार रात श्री बाला जी महाराज का विशाल दरबार सजाया गया जिसमें दूर दूर से आए भक्तों ने बाबा के दर्शन किए दरबार में सुप्रसिद्ध गायक कलाकार नरेश सैनी एवं सन्नी चड्ढा ने भजनों की प्रस्तुति देकर भक्तों को झूमने पर मजबूर कर दिया। उन्होंने हम सब बोलेंगे हैपी बर्थ डे टू यू एवं बाबा के दीवाने आए हैं की शानदार प्रस्तुति दी। सभी भक्तों ने भक्ति भाव से बाबा से अपने मन की बात साझा की। इससे पूर्व दोपहर 2 से प्रारम्भ श्री मद भागवत् कथा में यजमान एवं मुख्य अतिथि बलदेव छाबड़ा ने सपरिवार विधि विधान से पूजा करायी साथ ही सहारनपुर से आए कथा वाचक श्री आचार्य देशमुख वशिष्ठ जी महाराज

## नरेश सैनी एवं सन्नी चड्ढा ने भजनों पर झूमे श्रद्धालु




द्वारा सम्मानित किया गया। श्री मद भागवत् कथा में सुदामा चरित्र जी की कथा का रसपान हुआ कथा में भक्तिरस में खोकर सभी भक्तों ने नत्य कर अपनी हाजिरी लगायीं मीडिया प्रभारी अजय कुमार ने बताया कि 15 जनवरी को रात्रि 8 बजे भजन संध्या एक शाम बाँके बिहारी के नाम भजन गायक मास्टर बाबी एवं सुप्रसिद्ध रसिक गोपी शर्मा द्वारा की जाएगी। 16 जनवरी को प्रातः 9 बजे हरि संकीर्तन प्रातः 11बजे सन्त समागम एवं दोपहर 1 बजे विशाल सवामनी भण्डारा एवं छप्पन भोग सभी भक्तों में वितरण किया जाएगा इसी के साथ श्री हरिधाम मंदिर श्री मेहंदीपुर बाला जी महाराज धाम का बारहवां वर्षिकोउत्सव संपन्न होगा। शनिवार को हुए कार्यक्रमों में मन्दिर के अध्यक्ष ओमप्रकाश सलुजा,भारत भूषण चुघ, बलदेव छाबड़ा,महेश छाबड़ा, अरविंद गुम्बर,विजय काक्के,कृष्ण मिगलनी, सागर कालरा,दीपक कटारिया, विजय कक्कड़,अमित शर्मा, कमल काक्के, विवेक शर्मा,राज कुमार जांगडा,रवि कक्कड़,मनोज चावला,अजय कुमार, पारस गाबा,संजीव छाबड़ा,साहिल आनन्द, बाबा भक्त मण्डल के विक्की मुंजाल, संजय ठुकराल, चिरंजीव पाण्डेय, अन्नू छाबड़ा,राजेश भट्ट,मनीष श्रीवास्तव, अमित रहेजा, रिंकु लम्भा, अनिल भोला आनन्द, विशाल कोहली, मोनू वर्मा विमल वर्मा,माधव शर्मा, राजकुमार भुड्डी आदि भक्तों ने सेवा में अपना सहयोग किया।





शैल सांस्कृतिक समित द्वारा आयोजित उत्तरायणी कौथिक कार्यक्रम में पहुंचे क्षेत्रके जनप्रतिनिधियों व जिलाधिकारी युगल किशोर पंत और एसएसपी डा. मंजूनाथ टीसी का स्वागत करते पदाधिकारीगण।

# उत्तरायणी महोत्सव में लोक कलाकारों ने मचाई धूम

गदरपुर(उद संवाददाता)। पर्वतीय सांस्कृतिक उत्थान समिति के तत्वावधान में मकरसंक्राति पर्व एवं समिति की 21वीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित उत्तरायणी महोत्सव पर कुमाऊं व गढ़वाली की गौरवशाली परम्परा व संस्कृति जीवित हो उठी । पारम्पाकिर वाद्य यंत्रों की धुन पर धिरकते छोलिया नर्तकों के साथ ही लोक कलाकारों की प्रस्तुति पर दर्शक भी जमकर थिरके। शनिवार को राजकीय इण्टर कालेज प्रांगण में आयोजित कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि के रुप में पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं वर्तमान विधायक अरविन्द पांडेय, विशिष्ठ अतिथि पालिकाध्यक्ष गुलाम गौस, भाजपा जिलाध्यक्ष गुंजन सुखीजा, वरिष्ठ नेता रविन्द्र द्वारा संयुक्त रुप से मां सरस्वती के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्जवलित कर

## पर्वतीय सांस्कृतिक उत्थान समिति ने आयोजित किया भव्य कार्यक्रम

किया। इसके उपरान्त सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शुरुआत हुई। नई दिशाएं समिति नैनीताल, ब्रदर्स म्यूजिकल ग्रुप के सुप्रसिद्ध लोक गायिका ममता आर्या, सुप्रसिद्ध लोकगायक इन्दर आर्या एवं सुप्रसिद्ध लोकगायक राकेश सनवाल द्वारा रंगारंग सांस्कृति कार्यक्रम एवं उत्तराखंड के बाध्य यंत्रों व छोलिया नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। इस दौरान कार्यक्रम के मुख्यअतिथि विधायक अरविन्द पांडेय सर्व प्रथम लोगों को मकरसंक्रांति पर्व की बधाई दी। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम आयोजित करने से भारतीय संस्कृति की छठा उभर कर सामने आती है। वही पालिकाध्यक्ष




गुलाम गौस, गुंजन सुखीजा एवं रविन्द्र बजाज ने भी लोगों मकरसक्रांति की शुकामनायें दी। इस दौरान समिति ने गणमान्य अतिथियों को समिति अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह बिष्ट के नेतृत्व में समिति के पदाधिकारियों द्वारा स्मृति चिन्ह देकर सम्मातिन भी किया। वही करीब एक दर्जन से अधिक बुजुर्गो को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संरक्षक बलराम आर्या ने की तथा संचालन समिति संरक्षक पंकज काण्डपाल राजेन्द्र बिष्ठ द्वारा संयुक्त रुप से किया गया। इस मौके सचिव सुरेश तिवारी, उपाध्यक्ष रविन्द्र कुमार आर्या, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पदम सिंह बिष्ट, उप सचिव अजीत बोरा, कोषाध्यक्ष प्रकाश चन्द्र, मनोज काण्डाल, नन्दा बल्लभ भट्ट, पंकज सेतिया, हीरा सिंह बिष्ट, सुमित उपाध्याय, रविन्द्र आर्य, बलवंत सिंह दानू, अजीत बौरा, हुकुम सिंह बिष्ट, मंडी समिति अध्यक्ष सुभाष गुम्बर, हिमांशु मडल, कपिल गंडा, संजीव जाम ,मनोज गुंबर, परमजीत पम्मा ,नरेश शर्मा, तारिक उल्ला खा, रमेश मदान, चंकित हुड़िया, मनीष फुटेला, रोहित सुदामा, बलराम आर्य, देवीशरण बठला, कुशाल सिंह, ज्ञान चन्द्र बजाज, प्रेमराम आर्य, नवीन जोशी, मान्या जोशी, दीपिका जोशी, भूमि जोशी परी जोशी . गीता पपोला सहित सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।





# ऐतिहासिक उत्तरायणी मेले का रंगारंग आगाज







## सीएम धामी ने विभिन्न योजनाओं का वर्चुअल लोकार्पण एवं शिलान्यास
## विद्यालयों के बच्चों ने सांस्कृतिक झांकियों से किया भावविभोर

बागेश्वर(उद संवाददाता)। प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को ऐतिहासिक उत्तरायणी मेले का शुभारंभ किया। सीएम धामी खराब मौसम के चलते बागेश्वर नहीं पहुंच सके तथा उन्होंने वर्चुवल रूप से मेले का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने आज वर्चुअल माध्यम से बागेश्वर में उत्तरायणी मेला-2023 के शुभारम्भ कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस अवसर पर उन्होंने विधानसभा बागेश्वर के अंतर्गत 1085.17 लाख की 12 योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। इस अवसर पर उन्होंने बागेश्वर जिले हेतु बालीघाट-धरमघर सड़क के जीर्णोंधार, गोलू मार्केट गरुड़ का विनियमितीकरण किए जाने एवं बागेश्वर में खेल मैदान निर्माण कार्य किए जाने की भी घोषणा की। उन्होंने कहा कि राज्य में सौर ऊर्जा की अपार संभावनाएं हैं। सौर ऊर्जा के सही उपयोग एवं इसे बढ़ावा देने हेतु जल्द ही राज्य में सौर ऊर्जा नीति लाई जाएगी। इस परियोजना में सब्सिडी भी प्रदान की जाएगी। इससे प्रदेश के हजारों युवाओं को भी जोड़ा जाएगा। उन्होंने लोकपर्व उत्तरायणी और मकर संक्रांति की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मकर संक्रांति एक मात्र पर्व है, जिसका आध्यात्मिक और वैज्ञानिक दोनों ही दृष्टियों से व्यापक महत्व है। मुख्यमंत्री श्री धामी ने कहा कि राष्ट्र की सांस्कृतिक विविधता को समाहित करने वाला यह सांस्कृतिक आयोजन हम सभी को अपने सामाजिक उत्तरदायित्व के निर्वहन के संकल्प की भी याद दिलाता है। मेला समिति के अध्यक्ष सुरेश खेतवाल ने उनका स्वागत करते हुए बागेश्वर में मिनी झील बनाने, मेले को राजकीय मेला घोषित किए जाने की मांग की। मेले को आकर्षक बनाने के लिए किए जा रहे प्रयासों की जानकारी दी। उन्होंने मेले के आयोजन के लिए हरसंभव मदद का वायदा करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा राज्य की संस्कृति का विकास करने के लिए ठोस प्रयास कर रही है। भविष्य में इस क्षेत्र में निरंतर कार्य किया जाता रहेगा। उन्होंने मेले के संरक्षण के लिए कार्य करने की अपील की। इस दौरान सीएम ने कुली बेगार आंदोलन को याद करते हुए स्वतंत्रता सेनानियों को नमन किया। उन्होंने कपकोट के पालिटेक्निक भवन के लिए धन स्वीकृत करने, टनकपुर- बागेश्वर रेल लाइन के सर्वे को गति देने, बागेश्वर में खेल मैदान बनाने आदि की घोषणा की। विशिष्ट अतिथि भाजपा प्रदेश प्रभारी दुष्यंत गौतम व सांसद अजय टम्टा ने मेले के ऐतिहासिक महत्व का बताते हुए कहा कि बागेश्वर का मेले का ऐतिहासिक महत्व है तथा बाबा बागनाथ की भूमि में इस मेले का धार्मिक महत्व भी है। उन्होंने मेले को शांतिपूर्ण संपन्न कराने में सहयोग की अपील की। कपकोट के विधायक व विशिष्ट अतिथि सुरेश गड़िया ने कहा कि प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में राज्य का चहुमुखी विकास कर रही है। उन्होंने कहा कि बागेश्वर के साथ ही कपकोट के केदारेश्वर बगड़ में आयोजित मेले को भी आकर्षक बनाने के लिए मुख्यमंत्री ने आवश्यक सहयोग दिया है। जिलाधिकारी व मेला संरक्षक अनुराधा पाल ने कहा कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर जिला प्रशासन व नपा ने संयुक्त रूप से मेले को आकर्षक बनाने के लिए हरसंभव प्रयास किए हैं। इस दौरान जिपं अध्यक्ष बसंती देव, पूर्व मंत्री बलवंत सिंह भौर्याल, जिलाध्यक्ष भाजपा इंद्र सिंह फर्स्वाण, पुलिस अधीक्षक अरूण कुमार वर्मा, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष शिव सिंह बिष्ट, चमोली जिला प्रभारी भाजपा एडवोकेट कुंदन परिहार,जिला महामंत्री सजंय परिहार, गिरीश परिहार, खड़क टंगणियां, रवि करायत, नैना लोहनी, मंगल राणा, जिला महामंत्री घनश्याम जोशी,मेला समिति के भुवन कांडपाल, दीपक सिंह, पूर्व नपा अध्यक्ष सुबोध साह, विक्रम शाही समेत उपजिलाधिकारी हरगिरी,अधिशासी अधिकारी नपा आदि उपस्थित थे। संचालन जिला विकास अधिकारी संगीता आर्या ने किया।

## डीएम अनुराधा ने चाचरी गायन कर छोड़ी छाप

### मुख्यमंत्री के आने की बाट जोहते रहे लोग,सांसद टम्टा ने किया मेले का उद्घाटन



बागेश्वर(उद संवाददाता)। ऐतिहासिकऔर पौराणिक नगरी बागेश्वर में उत्तरायणी पर्व की धूम है। दो सालबाद आयोजित दस दिवसीय मेले की भव्यता को चार चांद लगाने के लिए जिलाधिकारी और पालिका ने पूरा जोर लगाया है। डीएम द्वारा मेले को भव्य तरीके से आयोजित करने के लिए अधिकारियों को कोई कोर कसर नही छोड़ने के निर्देश दिए है,वही मेले में मेलार्थियों में भी उत्साह है। डीएम अनुराधा पाल पहाड़ी संस्कति से प्रभावित दिखी उन्होंने चाचरी गायन कर रही महिलाओं के साथ चाचरी गायन कर सबको चौंका दिया।डीएम के चाचरी गायन से सभी लोगों ने डीएम की सराहना की। मेले के उदघाटन के लिए मुख्यमंत्री के आने का कार्यक्रम था, पर समय बीतते हुए अधिकारी जनप्रतिनिधि मुख्यमंत्री के आने की बाट जोहते रहे, पर अंतिम समय मे कार्यक्रम रद्द होने पर सभी के चेहरे मायूस हो गए। जबकि सूत्रों द्वारा मुख्यमंत्री का हौलिकाप्टर के उड़ने की बात भी आने लगी। परंतु तय समय मे मुख्यमंत्री के नही आने के बाद सांसद अजय टम्टा से औपचरिक उदघाट्न कराने का निर्णय हुआ पर तय समय पर नेता अधिकारी उदघाट्न स्थल पहुंच गए। लेकिन सांसद अजय टम्टा के देरी से पहुँचने के चलते औपचारिक उदघाट्न देरी से हुआ। इस दौरान तय समय से बीस मिनट बाद सांसद अजय टम्टा और भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री दुष्यंत कुमार गौतम जिपं अध्यक्ष बसंती देव डीएम अनुराधा पाल,पालिकाध्यक्ष सुरेश खेतवाल ने संयुक्त रूप से मेले का औपचारिक उदघाटन किया।जिसके बाद विभिन्न योजयाओ का लोकार्पण हुआ। वही सरयू नदी के घाटों पर भव्य गंगा आरती और लेजर शो किया गया। डीएम अनुराधा पाल ने सभी लोगों से मेले को भव्य बनाने में सहयोग की कामना की।

## शोभायात्रा में टैंट व्यापारियों ने बांटे खजूरे



हल्द्वानी (उद संवाददाता)। उत्तरायणी के पावन पर्व पर हल्द्वानी में लोक कलाकारों, छोलिया व सांस्कृतिक झाकियों ने कुमांउनी संस्कृति अदभुद छटा बिखेर दी। वहीं नगर में जगह जगह शोभायात्रा का भव्य स्वागत किया गया । महानगर टैंट व्यापार एसोसिएशन के द्वारा पर्वतीय उत्थान मंच द्वारा आयोजित शोभायात्रा में भागीदारी की गई। संगठन के अध्यक्ष हर्ष वर्द्धन पांडे के नेतृत्व में सभी व्यापारियों द्वारा शोभा यात्रा में शामिल लोगों को खजूरे का प्रसाद वितरण किया गया और एसोसिएशन की ओर से बधाई दी। आयोजन में संगठन के चेयरमैन प्रकाश भट्ट, महामंत्री लक्ष्मण सिंह बिष्ट, वरिष्ठ उपाध्यक्ष मनोज कपिल, कोषाध्यक्ष चंदन साह, योगेश तिवाड़ी, सोनू केसरवानी, विमल तौलिया, कुमाऊं मंडल अध्यक्ष जितेंद्र पाल सिंह, हरजीत सिंह सच्चर, राजू भट्ट, जगदीश जोशी, राजू गोड, धीरज जोशी, भय्यू जोशी, हेम भगत, गिरीश हैडिया, गिरिजा नंदन भट्ट सहित टैंट व्यापारी उपस्थित रहे। प्रान्तीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिला कोषाध्यक्ष मुरली मनोहर मुलानी, जिला उपाध्यक्ष नंदकिशोर लाला जायसवाल द्वारा भी विशेष सहयोग प्रदान किया गया।

## उत्तराखंड पूर्वांचल महासभा ने धूमधाम से मनाया खिचड़ी महोत्सव

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। उत्तराखंड पूर्वांचल महासभा रुद्रपुर द्वारा जेसीस पब्लिक स्कूल में आयोजित खिचड़ी महोत्सव का शुभारंभ जिलाधिकारी युगल किशोर पंत, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मंजूनाथ टी सी, पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल व मेयर रामपाल सिंह के साथ दीप प्रज्जवलित कर किया। उत्तरांचल सांस्कृतिक समिति किच्छा द्वारा पुरानी नगर पालिका परिसर में आयोजित उत्तरायणी पर्व एवं शांतिपुरी नम्बर दो में आयोजित दो दिवसीय उत्तरायणी महोत्सव के समापन कार्यक्रम का शुभारंभ समिति अध्यक्ष इंदर मेहता, भाजपा जिला मंत्री दिग्विजय खाती, विशिष्ट अतिथि विपिन जल्होत्रा के साथ किया एवं विभिन्न प्रतिभाओं को सम्मानित किया। पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने अपने संबोधन में कहा कि भारतीय पर्व, त्योहारों का संबंध नक्षत्रों, राशियों के अलावा ऋतु परिवर्तन, परंपराओं और लोक संस्कृति से भी है हमारे आध्यात्मिक, पौराणिक ग्रंथों में इनका विस्तार से वर्णन किया गया है, दान पुण्य और धर्म के कार्यों का भी इन पर्व, त्योहारों के साथ गहरा संबंध रहा है। मकर संक्रांति भी इस पर्व, परंपरा का एक महत्वपूर्ण प्रतीक है। मकर संक्रांति जहां संस्कृति, समाज और ज्योतिष से जुड़ा पर्व है वही यह विज्ञान और सूर्य से भी उतना ही जुड़ा हुआ है। इससे जुड़े तमाम तथ्य कथ्य सदियों से प्रचलित रहे है। यह पर्व परिवर्तन के एक प्रमुख पड़ाव के रूप में भी प्रतिष्ठित है। मकर संक्रांति के साथ सूर्य का संदर्भ बहुत मजबूती से जुड़ा है, शास्त्रों में सूर्य के तेज, ओज और प्रकाश को लेकर अनेक प्रतिबिंब खींचे गए हैं, अथर्ववेद में कहा गया है जैसे सूर्य प्रकाशमान है, तेज से भरा हुआ है, उसी प्रकार भगवान भास्कर मुझे भी तेज प्रदान करें, एक दूसरे बिंब के अनुसार महाराज सूर्य दक्षिण दिशा को जीतकर, वहां विद्यमान अंधकार और शीत जैसे शत्रुओं का दमन कर अब अपने महान देश भारत को प्रस्थान कर रहे हैं। भारत में उनके इस तेजस्वी रूप की हर जगह जय जयकार हो रही है, इस महान पर्व पर प्रत्येक व्यक्ति को सूर्य की तरह अपने जीवन को भी आगे बढ़ाना चाहिए, तब उसकी भी वैसे ही जय जयकार होती है जैसे सूर्य की। जिस प्रकार सूर्य नारायण अंधकार एवं शीत से पार पाकर संसार को ठिठुरन और तमस से मुक्त करते हैं, वैसे ही हमें भी अपने अंतरआत्मा रूपी सूर्य से तमस, विकार और विषयों को दूर करके जीवन को प्रकाश से भर देना चाहिए। मकर संक्रांति का वास्तव में यही संदेश है। इसे आत्मसात करते हुए प्रकृति में आ रहे परिवर्तन से तादात्मय में स्थापित कर हम अपने जीवन को सार्थक बनाने में सफल हो सकते हैं। कार्यक्रम आयोजकों द्वारा पूर्व विधायक राजेश शुक्ला को कॉल ओढ़ाकर स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। पूर्व विधायक राजेश शुक्ला ने उपस्थित समस्त जनमानस को उत्तरायणी पर्व एवं मकर संक्रांति व खिचड़ी की बधाई दी। वही खिचड़ी महोत्सव कार्यक्रम में शिरकत करने पहुँचे क्षेत्रीय विधायक शिव अरोरा को भी उत्तराखंड पूर्वांचल महासभा द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट कर समान्नित किया गया। इस दौरान प्रदेश मंत्री विकास शर्मा, सुरेश कोली, जे बी सिंह, हिमांशु शुक्ला, राकेश सिंह , धरेंद्र मिश्रा, मोहन तिवारी, दुर्गेश गुप्ता, रश्मि रस्तौगी, शालनी बोरा, योगेश वर्मा व अन्य लोग मौजूद रहे।







उत्तरांचल दर्पण

## सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# सड़क दुर्घटनाओं की वजह

अमूमन हर क्षेत्र में बढ़ती जागरूकता, संसाधनों और सुविधाओं के विस्तार के दौर में उम्मीद यही बंधती है कि रोजमर्रा की गतिविधियों में चूक और लापरवाही में कमी आएगी और हादसों में जानमाल के नुकसान से बचा जा सकेगा। विडंबना यह है कि सुविधाओं के साथ कई लोग इसके उपयोग को लेकर सावधानी और सजगता का खयाल नहीं रख पाते, जिसकी वजह से लोगों की नाहक ही जान चली जाती है। महाराष्ट्र के नासिक में शुक्रवार की सुबह एक तेज रफ्तार बस और ट्रक की टक्कर में कम से कम दस लोगों की जान चली गई और बीस से ज्यादा लोग घायल हो गए। निश्चित रूप से यह आए दिन होने वाली सड़क दुर्घटनाओं की ही अगली कड़ी है, लेकिन ऐसी हर घटना यही बताती है कि किसी मामूली-सी चूक या लापरवाही की वजह से वाहनों में सवार वैसे लोगों की जान चली जाती है, जो अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए घर से निकले होते हैं। नासिक में हुए हादसे में खबरों के मुताबिक बस की रफ्तार काफी तेज थी। यानी केवल रफ्तार को काबू में रख कर बस का चालक सभी यात्रियों को सुरक्षित अपने घर या उनकी जरूरत की जगह पर पहुंचा सकता था।एक रिवायत की तरह अब सरकार की ओर से दुर्घटना के कारणों की जांच कराने और पीड़ितों या हताहतों को राहत पहुंचाने के मकसद से मुआवजा देने घोषित की गई है। लेकिन सच यह है कि ऐसे हर मौके पर औपचारिक घोषणाओं में तात्कालिक मदद से आगे इस तरह की समस्या का कोई दीर्घकालिक समाधान नहीं निकलता। महाराष्ट्र में नासिक-औरंगाबाद राजमार्ग पर हुए ताजा हादसे के बाद यह जरूर कहा गया है कि अधिकारी शहर और जिले में दुर्घटना संभावित क्षेत्रों की पहचान के लिए काम कर रहे हैं। यह एक विचित्र औपचारिकता है कि सरकार या संबंधित महकमों की नींद तभी खुलती है जब कोई बड़ी घटना हो जाती है और वह आम जनता के बीच चर्चा का मुद्दा बन जाती है। वरना क्या वजह है कि उन्नत अभियांत्रिकी के विकास के दौर में राजमार्ग जैसी जगहों पर सड़क बनाते हुए इस पर गौर करना जरूरी नहीं समझा जाता है कि किन-किन खास स्थानों पर और कैसी वजहों से हादसे हो सकते हैं। अगर वक्त पर ऐसी जगहें और वजहें चिह्नित कर ली जाएं, तो शायद बहुत सारे हादसे रोके जा सकते हैं और लोगों की जिंदगी बचाई जा सकती है।अफसोस की बात यह है कि हमारे यहां किसी विपदा की आशंका और उसके पूर्व आकलन को बहुत जरूरी नहीं समझा जाता है। यह बेवजह नहीं है कि आम लोग किसी हादसे का शिकार होने से पहले तक उससे बचाव के उपायों पर ध्यान नहीं देते हैं। जबकि आधुनिक तकनीकी और संसाधनों का एक पहलू यह भी है कि ये जिस हद तक सुविधाजनक हैं, मामूली लापरवाही की स्थिति में उसी अनुपात में जोखिम के वाहक भी हैं। पानीपत में एक दंपती और चार बच्चे सिर्फ इसलिए जिंदा जल कर खाक हो गए कि उनका ध्यान इस पर नहीं गया कि उनके घर में गैस लीक होकर भर गया है। यह घटना गैस सिलेंडर में आई खराबी या फिर चूक की वजह से लीक होने से भी हुई हो सकती है, लेकिन अगर सिर्फ इस ओर किसी का ध्यान चला गया होता तो सबकी जान बच सकती थी। त्रासदी यह है कि हर साल सड़क और अन्य हादसों के सिलसिले बदस्तूर कायम हैं, जिनमें हजारों वैसे लोगों की जान चली जाती है, जिन्हें मामूली सावधानी बरत कर बचाया जा सकता था। मगर एक घटना से सबक लेकर अगली बार ऐसा होने से रोकने को लेकर कोई ठोस उपाय नहीं निकल पा रहा।


# थल सेना दिवस पर राज्यपाल ने दी बधाई

देहरादून (उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने 'भारतीय थल सेना दिवस' के अवसर पर सभी देशवासियों और प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। इस अवसर पर उन्होंने सभी वीर सैनिकों, पूर्व सैनिकों और सेना के सभी परिवारजनों को भी इस गौरवशाली अवसर पर विशेष रूप से बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। राज्यपाल ने कहा कि भारतीय सेना वीरता, शौर्य, पराक्रम, बलिदान और साहस का सबसे बड़ा प्रतीक है। इसी लिए देश की सेना और वीर जवानों के प्रति प्रत्येक भारत वासी के दिलों में एक गौरव और सम्मान का भाव दिखाई देता है। उन्होंने राष्ट्र की एकता, अखंडता और अस्मिता की रक्षा में सर्वोच्च बलिदान देने वाले वीर सैनिकों को नमन किया।

# उच्च शिक्षा में विशेषज्ञता को सम्मान

उच्च शिक्षा संस्थानों में विषय विशेषज्ञों को अध्यापन का सम्मान मिलना नई शिक्षा नीति की उत्तम शुरुआत है।विश्वविद्यालय और महाविद्यालय अब विद्यार्थियों को केवल किताबी ज्ञान ही नहीं देंगे,बल्कि ऐसे लोग जो किसी विषय की अधिकतम योग्यता तो रखते हैं, लेकिन आवश्यक उपाधि नहीं होने के कारण पढ़ाने की पात्रता खो देते हैं,इन्हें पढ़ाने का अवसर मिलेगा।अब नेट या पीएचडी जैसी बाधाओं को खत्म करते हुए अनुभवी व्यक्ति सीधे उच्च शिक्षा संस्थानों में पढ़ा सकेंगे।इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए देश भर के सभी उच्च शिक्षण संस्थानों में -रु39;प्रोफेसर ऑफ प्रैक्टिस-रु39;के पदों का सृजन कर भर्ती प्रक्रिया शुरू हो गई है।हरियाणा, राजस्थान समेत दर्जन भर केंद्रीय विश्वविद्यालयों ने भर्ती के विज्ञापन निकाल दिए हैं।इसमें विषय विशेषज्ञ के साथ ही संबंधित क्षेत्र में 15 साल का अनुभव रखने वाला कोई भी व्यक्ति आवेदन करने पात्र होंगे।यह नियुक्ति वैसे तो एक वर्ष के लिए होगी,लेकिन क्रमश: दो साल के लिए बढ़ाई भी जा सकती है।चूंकि ऐसे शिक्षक अपने कार्य को परिणाम में बदलने की दक्षता रखने वाले होंगे,अतएव विद्यार्थी में पेशेवर कौशल निखारने का काम सुगमता से कर सकेंगे।ख्याल रहे कि उद्योग और व्यापार की दुनिया के लोग लगातार वर्तमान शिक्षा पर यह आरोप लगाते रहे हैं कि उन्हें जरूरत के लायक योग्य युवा नहीं मिल पा रहे हैं।इस नीति के अंतर्गत अब वे लोग पढ़ाएंगे, जो सीधे उद्योग-धंधों,इंजीनियरिंग, मीडिया और तमाम मानविकी व चिकित्सा विषयों में अपनी विशेषज्ञता का परचम फहरा चुके हैं।अतएव इस सुखद शुरुआत का स्वागत किया जाना चाहिए। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूसीजी) ने एक क्रांतिकारी फैसला लेकर उन मानकों को परिवर्तित कर दिया है,जो अनुभवी व्यक्ति को पढ़ाने में बाधा थे। अब उच्च शिक्षण संस्थानों में एक नई श्रेणी 'शिक्षक संकाय' के अंतर्गत प्रतिष्ठित विषय विषेशज्ञों के रूप में ऐसे प्राध्यापक नियुक्त किए जाएंगे, जिनके पास प्रोफेसर बनने की पात्रता तो नहीं होगी, लेकिन वे संबंधित विषय के क्षेत्र में औपचारिक पात्रता, अनुभव और प्रकाशन संबंधी अर्हताएं रखते हैं। योजना के प्रारूप के मुताबिक इन विषेशज्ञों को अनुबंध के आधार पर विज्ञान, अभियांत्रिकी, मीडिया, साहित्य, उद्यमिता, सामाजिक विज्ञान, ललित कला, लोकसेवा और शषस्त्र बल आदि क्षेत्रों में नियुक्ति दी जाएगी। इस नीति को 'प्रोफेसर ऑफ प्रैक्टिस' (पेशेवर प्राध्यापक)के रूप में अधिसूचित किया गया है। पीएचडी जैसी पात्रता भी अनिवार्य नहीं रह जाएगी। शिक्षण संस्थानों में स्वीकृत कुल पदों में से दस प्रतिशत पदों की नियुक्ति इस योजना के अंतर्गत की जाएगी। फिलहाल देशभर में पत्रकारिता के विवि में पेशेवर पत्रकार इसी आधार पर न केवल अध्यापन का कार्य कर रहे हैं, बकि कुलपति भी बने हुए हैं। नई शिक्षा नीति के अंतर्गत ये उपाय किए जा रहे हैं। तर्क अकसर अंहकार को जन्म देता है, जो अपरिपक्व ज्ञान पर आधारित होता है। हमारे देश में प्रमाण-पत्र और उपाधि (डिग्री) आधारित शिक्षा यही कर रही है। भारत में प्रतिभाओं की कमी नहीं है, लेकिन शालेय शिक्षा व कुशल- अकुशल की परिभाषाओं से ज्ञान को रेखांकित किए जाने के कारण महज कागजी काम से जुड़े डिग्रीधारी को ही ज्ञान का अधिकारी मान लिया है। जबकि परंपरा अथवा काम के प्रति श्रमसाध्य समर्पण के बूते कौशल-दक्षता प्राप्त कर लेने वाले फिल्म, टीवी एवं लोक कलाकार, शिल्पकार,स्वतंत्र पत्रकार, मारवाड़ी व्यापारी और किसान को डिग्रीधारी शिक्षित की तुलना में अपेक्षाकृत अज्ञानी माना जाता है। डिग्री बनाम योग्यता जैसे विवादास्पद मुद्दे से जुड़ा ऐसा ही मामला सफल टीवी कलाकार व राजनेत्री स्मृति ईरानी के संदर्भ में भी आया था। इस मामले ने तूल इसलिए पकड़ा, क्योंकि बारहवीं कक्षा पास होने के बावजूद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें शिक्षा की सभी संभावनाओं से संबद्ध मानव संसाधन विकास मंत्रालय की मंत्री बना दिया था। उच्च शिक्षा से लेकर सभी भारतीय तकनीकी संस्थान इसी मंत्रालय के अधीन हैं। इसलिए सवाल उठाया गया था कि जो व्यक्ति खुद इंटर तक पढ़ा है, वह शिक्षा के उच्चतम मानकों को कैसे समझेगा ? इस सोच से डिग्री आधारित अभिजात्यवादी मानसिकता झलकती है। समरसता व समावेशन संबंधी जो भी मूल अवधारणाएं हैं, वे सभी हमारे आधुनिक और प्रगतिशील माने जाने वाले संविधान में परिभाषित हैं। उनका उल्लंघन होने पर कानूनी प्रक्रिया से गुजरने के बाद दंड का समुचित विधान है। बावजूद 75 सालों में हम एक समान समाज की संरचना करने की बजाय विषमता और वैमनस्यतापूर्ण समाज की रचना करने में लगे रहे। जबकि नागरिक समाज में हमें संविधान द्वारा प्रदत्त मौलिक अधिकार हासिल करने की सैद्धांतिकी लगातार पढ़ाई जा रही है। आज यदि हम इस कथित नागरिक संहिता द्वारा निर्मित पीढ़ी का तटस्थ मूल्यांकन करें तो हमें यह पूरी की पूरी पीढ़ी संकीर्ण, जातीय और सांप्रदायिक संस्कारों में जकड़ी नजर आती है। त्याग, संवेदनशीलता, अपरिग्रह और परोपकार की बजाय यह पीढ़ी संवेदनशून्यता, स्वार्थ और धनलिप्सा में ज्यादा जकड़ी है। दरअसल कल्याणकारी संस्कार पाठ्यक्रमों में निहित सूचनात्मक संदेशों या उपदेशों की बजाय समाज में मौजूद उदात्त वातावरण से ग्रहण किए जाते हैं। ऐसे में मातृभाषा, साहित्य और मानविकी विषयों के अध्ययन हमारे भीतर वैचारिक ऊर्जा का संचयन करते हैं और इससे उपजी आंतरिक शक्ति हमें समरस समाज बनाने की अंत:प्रेरणा देती है। राजनीतिक चेतना के विकास में भी यही ऊर्जा संवाहक का काम करती है। लेकिन विचार स्वातं卐य को यदि खूंटी से बांध दिया जाएगा तो बौद्धिक एकरूपता के खतरे बढ़ जाएंगे ?दरअसल विचार-निर्माण के लिए शैक्षिक परिसरों में लोकतांत्रिक खुलेपन की जरुरत है, जिससे शिष्य, शिक्षक से प्रश्न करने में कोई संकोच न करे। दुर्भाग्यवश हमने आज्ञाकारी शिष्य को आदर्श माना हुआ है। यह आज्ञाकारिता नव-सृजनशीलता के लिए बाधक है। यही कारण है कि हम नवोन्वेश, वैज्ञानिक अनुसंधान और देशज उत्पादकता में पिछड़ते जा रहे हैं। हमारी पूरा शिक्षाजन्य ढांचा, आज्ञापालन को प्रोत्साहित व पुरस्कृत करता है। स्वंत卐य-चेता विद्यार्थी की नूतन पहल, जिज्ञासा और प्रश्नाकुलता को फटकारा जाता है। विचार नियंत्रण की यह क्रूरता नव-सर्जक की भ्रूण-हत्या कर देती है। यही कारण है कि हम आजादी के इन 75 सालों में न तो नचिकेता, अष्टवक्र और विवेकानंद पैदा कर पाए और न ही गोपाल स्वामी नायडू, सीवी रमन, जगदीशचंद्र वसु और रामानुजन ? दरअसल औपनिवेशिक शिक्षा पद्धति और अंग्रेजी की अनिवार्यता के चलते हमारे शिक्षा संस्थान महज डिग्रीधारी नकलचियों की फौज खड़ी करने में लगे हैं। वे रोबोट और क्लोन बनाने की दक्षता को ही श्रेष्ठता का पर्याय मानकर चल रहे हैं, क्योंकि रोबोट विरोध नहीं करते और क्लोन से विकसित प्राणी प्रकृति प्रदत्त विलक्षणता खो देते हैं, अतएव उनकी मौलिक सृजनशीलता बचपने में ही कुंठित हो जाती है। आज्ञापालकों के ये उत्पाद अंतत: सृजन से जुड़ी वैचारिकता के लिए आघातकारी सिद्ध होते हैं, केवल कैरियर बनाना और पैसा कमाना इनका मुख्य ध्येय रह जाता है। कुछ दिन पहले खबर आई थी कि मंगलुरू के किसान गणपति भट्ट ने नारियल और सुपारी के पेड़ों पर चढ़ने वाली बाइक बनाने में सफलता प्राप्त की है। इसी तरह द्वारिका प्रसाद चौरसिया नाम के एक युवक ने पानी पर चलने के लिए जूते बनाए हैं। उत्तरप्रदेश के इस युवक की इस खोज के पीछे की कहानी थी कि उसने सुन रखा था साधु संत साधना के बाद पानी पर चल सकते हैं। द्वारिका ने तप का आडंबर तो नहीं किया, लेकिन अपनी कल्पनाओं को पंख देकर एक ऐसा जूता बनाने की जुगाड़ में जुट गया, जो पानी पर चल सके। इस तकनीक को इजाद करने में वह सफल भी हुआ और पानी पर चलने वाले एक जोड़ी जूतों का आविष्कार कर लिया। इन दोनों आविष्कारों को 'नेशनल इनोवेशन फाउंडेशन' ने मान्यता भी दी है। इस प्रतिष्ठान के प्रोफेसर अनिल गुप्ता और उनकी टीम देश में मौजूद ऐसे लोगों को खोज रहे हैं, जो कम मूल्य के ज्यादा उपयोगी उपकरण बनाने में दक्ष हैं। इस अनूठी खोज यात्रा के जरिए यह दल देश भर में 25 हजार ऐसे आविष्कार खोज चुके हैं, जो गरीब लोगों की मदद के लिए बनाए गए हैं। डिग्री ही योग्यता की गारंटी हो, यह ज्ञान को मापने का पैमाना ही गलत है। देश में ऐसे बहुत से पीएचडी और डिलीट हैं, जो प्राथमिक-माध्यमिक विद्यालयों में पढ़ा रहे हैं। सरकारी नौकरी में असफल रहे, ऐसे भी बहुत से लोग हैं, जिन्होंने कोचिंग संस्थाएं खोलकर लाखों चिकित्सक व अभियंता बना दिए। दूसरी तरफ हमारे यहां उच्च तकनीकी शिक्षा के ऐसे भी संस्थान हैं, जो बतौर लाखों रुपए कैपीटेशन फीस, मसलन अनियिमित प्रवेश शुल्क लेकर हर साल हजारों डॉक्टर-इंजीनियर बनाने में लगे हैं। इनकी योग्यता को किस पैमाने से नापा जाए ? मध्यप्रदेश में बड़े पैमाने पर व्यावसायिक परीक्षा मंडल (व्यापम) का घोटाला सामने आया था, इसके माध्यम से हजारों लोग रिश्वत के बूते डॉक्टर, इंजीनियर और पुलिस निरीक्षक बन गए थे। इस घोटाले में भारतीय प्रशासनिक व पुलिस सेवा के उच्च अधिकारी व उनकी संतानों पर भी मामले दर्ज हुए हैं। इनमें कई तो ऐसे हैं जो डिग्रियां लेकर सरकारी नौकरी में भी आ गए थे। रिश्वत के बूते हासिल इस योग्यता को किस कसौटी पर परखा जाए ? उच्च शिक्षा में इस शुरुआत के बाद अब जरूरत है कि इसका विस्तार प्राथमिक,माध्यमिक और उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों में भी किया जाए।इस व्यवस्था से शिक्षा संस्थानों में योग्य शिक्षकों की कमी की पूर्ति हो जाएगी और शिक्षा का स्तर भी एक हद तक सुधार जाएगा।

**प्रमोद भार्गव,लेखक/पत्रकार**



# सीएम समेत मंत्रियों के फोटो की प्रतियां सरयू में बहाई

## लेखपाल पटवारी भर्ती पेपर लीक पर गुस्सा

बागेश्वर(उद संवाददाता)। पहले भर्ती परीक्षा, परीक्षा पेपर लीक के बाद फिर एक बार आयोग द्वारा पटवारी भर्ती परीक्षा का पेपर भी लीक हो गया। पटवारी, लेखपाल पेपर लीक होने यूथ कांग्रेस ने कड़ी आपत्ति जताई है। नाराज कार्यकर्ताओं ने कुली बेगार के रजिस्टर की तर्ज पर प्रदेश सरकार, मुख्यमंत्री समेत अन्य मंत्रियों के फोटो के प्रतियां सरयू में बहा दीं। वक्ताओं ने कहा कि सरकार और मंत्रियों की मिलीभगत से अपने लोगों को नौकरी देने के लिए पहले ही पेपर लीक हो रहे हैं। प्रदेश सरकार में कोई भी सुरक्षित नहीं है। वक्ताओं ने कहा कि सरकार और मंत्रियों की मिलीभगत से अपने लोगों को नौकरी देने के लिए पहले ही पेपर लीक हो रहे हैं। प्रदेश सरकार में कोई भी सुरक्षित नहीं है। पूर्व जिलाध्यक्ष कवि जोशी के नेतृत्व में कार्यकर्ता



शनिवार को सरयू संगम पर पहुंचे। यहां प्रदेश सरकार, मुख्यमंत्री और सभी मंत्रियों के फोटो की छायाप्रतियां सरयू में बहा दीं। वक्ताओं ने कहा कि प्रदेश का युवा पढ़- लिखकर नौकरी के लिए आवेदन कर रहा है। परीक्षा फॉर्म भरने से लेकर परीक्षा देने तक हजारों रुपये खर्च कर रहा है। साथ परीक्षा की तैयारी के लिए महानगरों में जाकर कोचिंग ले रहा है, लेकिन सरकार की मिलीभगत ने उन्हीं के लोगों को नौकरी देने का काम चल रहा है। पूर्व में पेपर लीक होने के मामलों के बाद भी सरकार नहीं चेती। गत रविवार को परटवारी व लेखपाल की परभ्खा हुई। तीन दिन बाद उसका भी पेपर लीक हो गया। जिस युवा ने परीक्षा को पूरी तैयारी के साथ दिया वह अब खुद को ठगा महसूस कर रहा है। इस तरह की सरकार को खुद ही जिम्मेदारी लेकर इस्तीफा दे देना चाहिए। कांग्रेस युवाओं के साथ है। उन्हें न्याय दिलाकर ही दम लेगी। इस मौके पर सुनील पांडे समेत कई युवा मौजूद रहे।

# विधायक ने गरीब महिलाओं को वितरित किये कम्बल

कपकोट(उद संवाददाता)।कपकोट के विधायक सुरेश गढ़ियाने अपना जन्मदिवस सादगी से मनाया। और जन्मदिवस पर गरीबों के हितों के लिए कार्य करने का संकल्प लिया। विधायक ने अपने जन्मदिन पर 80 महिलाओं को कंबल वितरण किया।जन्मदिवस पर अपने संबोधन में कहा कि कपकोट विधानसभा को विकास की ऊंचाइयों पर ले जाया जाएगा।कपकोट विधानसभा प्रदेश में विकासके क्षेत्र में सबसे आगे होगा। हिमालय की तरह ऊंचाइयों तक विकास पहुँचेगा।कपकोट



में उत्तरायणी मेले को भी लेकर उन्होंने कहा कि भराड़ी को भव्यता से मेला आयोजित होगा। पांच दिन आयोजित होने वाले मेले को विशेष सहयोग देने की बात कही। नगर पंचायत अध्यक्ष गोविंद बिष्ट के साथ विद्यालय के बच्चों को पुरस्कार बांटा जाएगा।जन्मदिवस पर रामलीला मैदान कपकोट में विधायक ने गरीब महिलाओं को कंबल बांटे।इस दौरान चंदौली देवी बिश्नोली देवी गंगा देवी सहित 80 महिलाओं को कंबल दिए गए। संचालन प्रकाश जोशी दयाल सिंह ऐठानी ने किया। इस अवसर पर पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष चंपा देवी जिला मंत्री गीता ऐठानी कपकोट विधानसभा के प्रभारी ओमप्रकाश ऐठानी पूर्व प्रधान गणेश उपाध्याय प्रकाश कांडपाल भगवत कोरंगा संतोष उपाध्याय दयाल चंद जोशी उमेश जोशी रामधन जोशी भास्कर मिश्रा सुंदर देव भानु गढ़िया अंकित ऐठानी गजेंद्र कपकोटी तारा सिंह नवीन कपकोटी आदि मौजूद थे।

# सीएम ने अपने आवास पर सुनी जनसमस्याएं

खटीमा (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अपने निजी आवास नगला तराई में जन समस्याएं सुनी। मुख्यमंत्री ने जन समस्याओं के त्वरित गति से निस्तारण हेतु महत्वपूर्ण दिशा निर्देश उच्चाधिकारियों को दिए। मुख्यमंत्री श्री



पुष्कर सिंह धामी ने खटीमा क्षेत्र के बारे में विस्तार से जानकारी लेते हुए कहा कि खटीमा बायपास बन जाने से शहर में लगने वाले जाम से राहत मिली है, वहीं यातायात सरल, सुगम भी हुआ है। श्री धामी ने कहा कि शीघ्र ही पीलीभीत मार्ग से खटीमा बाईपास का निर्माण भी कराया जाएगा। मुख्यमंत्री श्री धामी ने सभी व्यक्तियों से आह्वान करते हुए कहा कि राज्य के चहुंमुखी विकास में अपने अपने स्तर से पूर्ण सहयोग प्रदान करें ताकि राज्य और अधिक तेजी से विकास के पथ पर आगे बढ़ता रहे।

# बहुद्देशीय शिविर 24 जनवरी को

अल्मोड़ा (उद संवाददाता)।सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रविशंकर मिश्रा ने बताया कि 24 जनवरी को अटल उत्कृष्ट राजकीय इण्टर कालेज दन्या में प्रातः 11बजे से राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण नैनीताल के निर्देशानुसार बहुउद्देशीय शिविर किया जाना सुनिश्चित किया गया है। बहुउद्देशीय शिविर में जन समस्याओं के निराकरण के लिए जनपदस्तरीय अधिकारी सम्पूर्ण तैयारी के साथ स्वयं उपस्थित रहना सुनिश्चित करेंगे तथा विभागीय परियोजना की जानकारी व प्रचार-प्रसार स्टॉल लगवायें।

# संतोष सिंह के निधन पर काँग्रेसियों ने जताया शोक

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। अखिल भारतीय राष्ट्रीय कॉंग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गाँधी के नेतृत्व में भारत जोड़ो यात्रा में पंजाब के जॉलधर से कॉंग्रेस सांसद एंव मुख्य सचेतक लोकसभा संतोष सिंह का यात्रा में पैदल चलने के दौरान आज प्रातः हृदयगति



रूकने से निधन होने पर कॉंग्रेस जनों ने महात्मा गांधी मूर्ति के समक्ष दो मिनट का मौन रखकर ईश्वर से दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदाम करने की प्रार्थना करके भावपूर्ण श्रद्धांजली अर्पित की। स्व. संतोष सिंह को कॉंग्रेस का वरिष्ठ एंव अनुभवी नेता बताकर उनके निधन को कॉंग्रेस पार्टी के लिए अपूरणीय क्षति बताया। शोकसभा में जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह भोज गुड्डू नगर अध्यक्ष पूरन रौतेला, पूर्व सांसद प्रदीप टम्टा,महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष लता तिवारी, वरिष्ठ उपाध्यक्ष तारा चंद्र जोशी,प्रदेश सचिव परितोष जोशी, सभासद सचिनआर्या,त्रिलोचन जोशी,मनोज सनवाल,आशा जोशी, जया जोशी ,राधा बिष्ट,जिला महामंत्री मनोज कुमार जोशी,विपुल कार्की,पंकज वर्मा, अक्तर हुसैन, वैभव पांडे,सरस्वती रेडिया,जिला पंचायत सदस्य संजय वाणी, महेंद्र बिष्ट, सहाबुद्दीन भारत पांडे, शरद शाह,भीमा पवार,रमेश नेगी, प्रदेश सचिव रोबिन भंडारी,सुनील सिंह, मोहन देवली, ललित सतवाल,प्रदीप बिष्ट, व्यापार मंडल महामंत्री मयंक बिष्ट महेश चंद्र आर्या,नारायण सिंह रौतेला,अली अख्तर खान , ऋतिक नयाल गौरव वर्मा, बी डी सी परितोष जोशी,प्रकाश जोशी ,विक्रम बिष्ट,दीपक नगरकोटी आदि थे।

# कटारमल सूर्य मंदिर में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)।जिला प्रशासन द्वारा पर्यटन विभाग के माध्यम से उत्तरायणी कौतिक के अवसर पर कटारमल सूर्य मंदिर में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रम का उद्घाटन कनिष्ठ प्रमुख ब्लॉक



हवालबाग नरेन्द्र कुमार, प्रधान व पूर्व प्रधान कटारमल के हाथों से द्वीप प्रज्वलन करके किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमो के अंतर्गत....विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति कलाकारों द्वारा दी गई। स्थानीय लोगों के साथ साथ बाहर से आने वाले पर्यटकों ने उत्तराखंडी नृत्य व लोक गीतों का आनंद लिया। सूर्य मंदिर कटारमल का प्रदीपन भी पर्यटन विभाग द्वारा किया गया है जो अत्यंत ही मनमोहक है।

## पेज एक का शेष...

**नेपाल में विमान हादसा...**पर हादसे का शिकार हुए विमान में 53 नेपाली नागरिक, 5 भारतीय, 4 रूसी, एक आयरिश, 2 कोरियाई, एक अर्जेंटीना और एक फ्रांसीसी नागरिक सवार थे। येती एयरलाइंस के एटीआर 72 विमान ने रविवार सुबह काठमांडू से पोखरा के लिए उड़ान भरी थी, लेकिन विमान कास्की जिले के पोखरा में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। दुर्घटना के बाद बचाव कार्य जारी है। इसी कारण से एयरपोर्ट को फिलहाल बंद कर दिया गया। एयरलाइन के प्रवक्ता सुदर्शन बरतौला ने कहा कि नेपाल की येति एयरलाइंस द्वारा संचालित एटीआर-72 विमान में 72 लोग सवार थे, जिनमें दो शिशु भी शामिल हैं। इसके अलावा चालक दल के चार सदस्य और 10 विदेशी नागरिक भी विमान में शामिल हैं। उन्होंने बताया कि अभी तक विदेशी नागरिकों के बारे में जानकारी नहीं मिल पाई है। हम इसका पता लगाने की कोशिश कर रहे हैं और सैकड़ों बचावकर्मी दुर्घटनास्थल की छानबीन कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि 1992 के बाद से नेपाल में यह सबसे घातक दुर्घटना है। काठमांडू पोस्ट को येति एयरलाइंस के प्रवक्ता सुदर्शन बरतौला ने बताया कि विमान पुराने हवाई अड्डे और पोखरा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के बीच दुर्घटनाग्रस्त हुआ है। घटना से जुड़े कुछ वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। ये प्लेन पुराने एयरपोर्ट और पोखरा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के बीच क्रैश हुआ है। इस बीच पोखरा हवाई अड्डे पर यात्री विमान दुर्घटना के बाद नेपाल सरकार ने कैबिनेट की आपात बैठक बुलाई है।

**सेना के आफिसर्स...**सौन, हेड कांस्टेबल पारस पाल, डूंगर सिंह, कांस्टेबल महेंद्र देवली, चालक गोविंद सिंह, होमगार्ड मनोज, एलएफएम महिपाल सिंह, एफएम, अनुज शर्मा, चांद थापा, कासिम अली, चंदन राव, चालक उत्तम सिंह, राजकुमार, ईश्वर सिंह, एलएफएम किशन सिंह, राजकुंवर, चालक उमेश सिंह हड़िया, रमेश सिंह आदि रहे। एसएसपी प्रदीप कुमार राय ने कहा अग्निकाण्ड में लाखों का नुकसान हुआ है। जबकि जनहानी होने से बच गई। कहा प्रथम दृष्टया शॉर्ट सर्किट घटना का कारण है। फिलहाल फायर कर्मियों को मौके पर ही तैनात किया गया है।

**मास्टरमाइंड की डायरी..**हैं, जिन्हें आरोपितों ने पेपर दिया था। ऐसे में एसटीएफ जल्द ही नकलची अभ्यर्थियों को बुलाकर उनके बयान दर्ज कर सकती है। पेपर लीक प्रकरण में अब तक सात आरोपित सलाखों के पीछे पहुंच चुके हैं। डायरी में दर्ज नकलचियों से पूछताछ के आधार पर आरोपितों की संख्या में बढ़ोतरी हो सकती है। नकलचियों के बयान दर्ज करने के लिए एसएसपी की ओर से अलग-अलग टीमें गठित की गई हैं, जो गहनता से मामले की जांच कर रही हैं। बता दें लेखपाल की परीक्षा आठ जनवरी को हुई थी। दूसरे दिन पेपर लीक की गोपनीय सूचना एसटीएफ को मिली तो एसएसपी एसटीएफ आयुष अग्रवाल ने जांच करवाई। प्रारंभिक जांच में मामले की पुष्टि होने पर गुरुवार सुबह हरिद्वार के थाना कनखल में मुकदमा दर्ज किया गया। जांच में लोक सेवा आयोग के अनुभाग अधिकारी संजीव चतुर्वेदी व उसकी पत्नी रितु के अलावा तीन अन्य व्यक्तियों के नाम सामने आए। इन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। दूसरे ही दिन दो अन्य आरोपितों को गिरफ्तार किया गया। पेपर लीक प्रकरण में जेल में बंद मुख्य आरोपित संजीव चतुर्वेदी उसकी पत्नी व अन्य का जांच टीम जल्द पुलिस रिमांड ले सकती है। आरोपितों से अभी पूरी पूछताछ नहीं हुई है। प्राथमिक जांच के आधार पर एसटीएफ दो अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी और कुछ नकद बरामद कर चुकी है। रिमांड मिलने पर खरीदने वालों के बारे में और जानकारी मिल सकती है।

**पहाड़ो को ठंडो...** धनुली थाना हिटजोला कैतिक, रीतू की चेली विजना वे जुलाकोट कौतिका की प्रस्तुति दी। इसके अलावा दीपा पंत ने ओ मेरी धनुली धाना हिट उत्तरायणी कौतिक, पहाड़ो को ठंडो पानी सुनी कसी मिठी वाणी छोड़न न लगानी, नोगजा धमेलि पर लटी, ओ भिना कसीके जानू, अनिल बिष्ट ने ऐजा ये भानुमति पांवो बाजरा, चेली हिमुली, कृपाल उप्रेती ने हीरा समधनी, आशा जोशी ने गोरी मुखड़ी सजली....की शानदार प्रस्तुति दी। संचालन हेमंत बिष्ट, हरीश धनाई संजीव बुधौरी और धीरज पाण्डे ने किया। इस अवसर पर भरत लाल साह, गोपाल पटवाल, दिवाकर पाण्डे, डी के दनाई, राजेन्द्र बोरा, दिनेश बम, सतीश ध्यानी, सीबी घिल्डियाल, मोहन उपाध्याय, हरीश दनाई, सतीश लोहनी, डीएस मेहरा, दिनेश चन्द्र भट्ट, महेश काण्डपाल, जगदीश बिष्ट, राजेन्द्र बलौदी, हरीश मिश्रा, केशव पनेरू, भाष्कर जोशी, नरेन्द्र रावत, धीरज गोस्वामी, एलएम उप्रेती, धीरज पाण्डे, संजीव बुधौरी, हरिनंदन जोशी, राजेन्द्र वर्मा, शैलेन्द्र रावत, नंदाबल्लभ पाठक, डी के बुढलाकोटी, मुकेश चतुर्वेदी, भूपेश दुम्का, हेम पंत, कमलेश बिष्ट, दीपा जोशी, सुनीता नेगी, नीलम काण्डपाल, लीला दनाई, दीपा मटेला, सुनीता पाण्डे, मंजू दनाई, सुधा जोशी, रेखा जोशी, सुधा पटवाल, ममता त्रिपाठी, सरिता उपाध्याय,भगवती मेहरा, कमला पाठक, आशा लोहनी, हेमा पंत, इन्द्रा पाण्डे, चंदा बम, किरन बोरा, ममता पनेरू आदि सहित तमाम लोग मौजूद थे।

**महिला चिकित्सक के ...**अन्य तैनाती नहीं की गई तो व्यापारी एकजुट होकर धरना प्रदर्शन करने के बाध्य होगा। जिसकी जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी। प्रदर्शन करने वालों में नगर पंचायत अध्यक्ष प्रेम सिंह टुरना, मनु चौहान, गुरसेवक सिंह लाडी, सतनारायण मित्तल सुखबीर सिंह, नवजोत सिंह टुरना,, हरप्रीत सिंह लक्की, विजय अग्रवाल, कन्हैया वर्मा विकास गोयल, नरेंद्र सिंह पिंटू, भवानी जोशी, गुरविंदर सिंह, अमित कुमार मित्तल आदि व्यापारी मौजूद थे।

**तमंचा कारतूस...**वार्ड नं. 9पंजाबी कालोनी को एक अदद चाकू के साथ दिनेशपुर रोड गदरपुर फ्लाई ओवर के पास से गिरफ्तार किया गया उसके खिलाफ धारा 4/25 आर्म्स एक्ट में मुकदमा पंजीकृत कराया गया। पुलिस के मुताबिक पकड़ा गया निजाम एक शातिर किस्म का अपराधी है, जिसके विरुद्ध पूर्व में भी आपराधिक अभियोग पंजीकृत है।

**पुलिस ने पकड़ी...**ने मौके से फरार हुए हरजिंदर के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। वहीं एक अन्य मामले में पुलिस ने 10 लीटर अवैध शराब सहित एक तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार कानि. मनोज कुमार व गिरीश सिंह चैकिंग करते हुए नगला से शांतिपुरी की ओर जा रहे थे। मुखबिर से सूचना मिलने पर वह शांतिपुरी गेट के पास पहुंचे जहां एक व्यक्ति जरीकेन लिए खड़ा दिखाई दिया। पुलिस को देख वह शांतिपुरी को जाने वाली सड़क की तरफ तेज कदमों से जाने लगा। जिस पर पुलिस कर्मियों ने पीछा कर उसे पकड़ लिया। पूछताछ करने पर उसने अपना नाम पता देवेन्द्र पुत्र झंडू लाल निवासी नगला गोलगेट पंतनगर बताया। जरीकेन की तलाशी लेने पर उसमें 10 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद हुई। पुलिस ने शराब कब्जे में लेकर देवेन्द्र के विरूद्ध मामला दर्ज कर लिया।

**माया उपाध्याय...**मुग्ध हो गए। प्रख्यात लोकगायिका माया उपाध्याय ने . .. ओ माया तू बैठी री छै मेरो दिलमा, हाय ककड़ी झिले मा, नूण पिसियो सिले मा... खेलदे माता खेल दे का मन मोहा। मुख्य अतिथि डिप्टी रेंजर धीरेंद्र पंत ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रमों से एक मंच पर संस्कृति से रूबरू होने का मौका मिलता है। इस मौके पर अध्यक्ष गोपाल सिंह बिष्ट, उधम सिंह नगर जिला सहकारी बैंक योगेंद्र सिंह रावत, मण्डी चेयरमैन अमरजीत कटवाल, डिप्टी रेंजर धीरेंद्र पंत, सुखदेव सिंह, राकेश त्यागी, राज्य आंदोलनकारी फकीर सिंह कन्याल, सभासद पंकज रावत व पंकज गहतोड़ी, राजेंद्र सिंह बिष्ट , पलविंदर सिंह औलख, नितिन आदि रहे।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.:UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रुद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)


SAMSUNG
BOSCH
SONY
JBL
VOLTAS
IFB
DELL
DAIKIN
ONEPLUS
MITSUBISHI ELECTRIC
Whirlpool
AMSTRAD
LLOYD
mi
SANSUI
गुरू माँ
अब मिलेगा
Online
से भी सस्ता
DIWALI DHAMAKA Sale
NO COST EMI
ATTRACTIVE EXCHANGE OFFERS
UPTO 55% OFF
UPTO 25% ADD CASHBACK
LED TV पर ऐसे ऑफर्स, खरीदे बिना रहा ना जाए
वाशिंग मशीन पर पैसा वसूल ऑफर्स
JBL स्पीकर्स - मनोरंजन अनलिमिटेड
आपके किचन की बढ़ाये शान
MICROWAVE OVEN
ऑफर्स ऐसे खरीदें बिना रहा ना जाए
सबसे कम दाम गारंटीड
दाम में भी कम, बिजली खपत भी करे कम
डील्स ऐसी, जो कहीं ना मिले
WASHING MACHINE ONLY - ₹7,990/-*
LED TELEVISION ONLY - ₹8,990/-*
REFRIGERATOR ONLY - ₹9,990/-*
BAJAJ FINSERV
HDB FINANCIAL SERVICES
आधार लाये, उधार ले जाएँ
EMI मात्र ₹990 प्रति माह से शुरू*
EASY EMI OPTION AVAILABLE
IndusInd Bank
YES BANK
citi
HDFC BANK
ICICI Bank
AMERICAN EXPRESS
AXIS BANK
Bank of Baroda
*Terms&ConditionsApply | *UnderExchange
HALDWANI
Tikonia +919997207007
Pilikothi +919690256666
Pilikothi +918923468434
KASHIPUR
Kashipur +91 8303074949
Ramnagar Road +91 8791989500
Cheema Chauraha +91 9012451341
Cheema Chauraha +91 9690785231
RUDRAPUR
Civil Lines +91 8958533331
Kashipur by Pass +91 9690282777
Kashipur by Pass +91 7895741313
Kashipur by Pass +91 9917170230
MORADABAD
Moradabad +91 7017558272
KICHHA
Kichha +91 7017595920
(Deepak Electronics)
HARIDWAR
Haridwar +91 9761699704
GADARPUR
Gadarpur +91 9927850999
(Guru Nanak Enterprises)